

प.बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बोलीं- आज मतदान का अधिकार छीन रहे, कल नागरिकता भी छीन लेंगे - 12



घरों में रखे सोने को वित्तीय प्रणाली में लाना चाहिए - 12




विश्व के 50 शीर्ष शिक्षण संस्थानों में देश के छह संस्थान शामिल - 13



लखनऊ सुपर जायंट्स को ट्रॉफी जीतने पर ही मिलेगा असली सम्मानः संजीव गोयनका - 14


आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.09
सूर्यास्त 06.27

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

हल्द्वानी

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष अष्टमी 11:49 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 26 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 29, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## कच्चे तेल में नरमी

### सेंसेक्स में 1,205 अंकों का उछाल



**मुंबई।** पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 5 .07 प्रतिशत टूटकर 99 .19 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आने से स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,205 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 394 अंक के लाभ में रहा। सेंसेक्स एक समय 1,781 .31 अंक चढ़कर 75,849 .76 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, इंटरग्लोब एविएशन और ट्रेंट आदि कंपनियां प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

**चांदी 11,250 रुपये उछली :** चांदी की कीमत 11,250 रुपये यानी 4 .89 प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 2,41,250 रुपये किलो हो गई, जो मंगलवार के बंद भाव 2,30,000 रुपये किलो से अधिक है।

**सोना भी 4,900 रुपये चढ़ा :** सोने की कीमत 4,900 रुपये यानी 3 .38 प्रतिशत बढ़कर सभी करों सहित 1,49,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछला बंद भाव 1,44,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

# पीएनजी कनेक्शन लेने से इन्कार किया तो बंद होगी एलपीजी आपूर्ति

- केंद्र सरकार ने जारी किया आदेश, जहां पीएनजी आपूर्ति नहीं वहीं मिलेगा सिलेंडर मगर लेनी होगी एनओसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध होने पर भी इसका कनेक्शन न लेने वालों की घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति तीन महीनों के अंदर बंद कर दी जाएगी। सरकार ने गैस नेटवर्क के विस्तार को तेज करने और एक ही ईंधन पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाते हुए यह आदेश जारी किया है।

पश्चिम एशिया संकट के कारण देश में एलपीजी की कमी के बीच सरकार पीएनजी अपनाने को बढ़ावा दे रही है। इसी को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 'प्राकृतिक गैस तथा पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन व विस्तार तथा अन्य सुविधाएं) आदेश, 2026' अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य पाइपलाइन अवसंरचना के विकास में तेजी लाना, मंजूरियों को आसान बनाना तथा एलपीजी से पीएनजी की ओर बदलाव को बढ़ावा देकर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है। आदेश में कहा गया है कि यदि पीएनजी उपलब्ध होने के बावजूद कोई परिवार इसे नहीं अपनाता है तो तीन महीने बाद एलपीजी की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी।




एलपीजी संकट के खिलाफ विपक्ष ने संसद के बाहर प्रदर्शन किया।

### पाइप लाइन बिछाने से नहीं कर सकेंगे इन्कार

आदेश के मुताबिक तेजी से क्रियान्वयन के लिए सार्वजनिक प्राधिकरणों को निर्धारित समयसीमा के भीतर अनुमतियां देनी होंगी, अन्यथा उन्हें स्वीकृत माना जाएगा। मंजूरी मिलने के चार महीने के भीतर पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू न करने पर अधिकृत इकाइयों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी।

### डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं: पेट्रोलियम कंपनियां

सरकारी तेल कंपनी आईओसी और बीपीसीएल ने अपील जारी की है कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। इसलिए लोग सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर भरोसा कर घबराहट में ईंधन खरीदने से बचें। आईओसी) ने कहा, उसके पेट्रोल पंप पर्याप्त ईंधन से भरे हैं और चालू हैं। बीपीसीएल ने भी ईंधन की कमी की खबरों को पूरी तरह निराधार बताया है।

### चेतावनी: गैस-एलपीजी शुल्क न वसूल करें होटल-रेस्तरां

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने होटल और रेस्तरांओं को चेतावनी दी कि वे एलपीजी शुल्क और ईंधन लागत वसूली जैसे अतिरिक्त शुल्क न लगाएं। अनुचित व्यापार गतिविधियों के ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने होटलों और रेस्तरांओं में बिलों में एलपीजी शुल्क, गैस अधिभार और ईंधन लागत जैसे अतिरिक्त शुल्क लगाने की शिकायतों यह आदेश जारी किया है।

### उज्ज्वला के नियमों में कोई बदलाव नहीं, सरकार ने किया साफ

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए सिलेंडर रिफिल बुकिंग का कोई अलग प्रावधान नहीं किया गया है। मंत्रालय ने उन खबरों का खंडन किया है जिनमें कहा गया था कि शहरी क्षेत्रों में उज्ज्वला लाभार्थी 45 दिन बाद ही अगला एलपीजी सिलेंडर बुक करा सकेंगे। मंत्रालय ने कहा, एलपीजी रिफिल बुकिंग की सिर्फ दो समय सीमा हैं। एक, शहरी क्षेत्रों में 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद।

## ब्रीफ न्यूज

### दिल्ली में विदेशी हथियारों का जखीरा बरामद 10 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने बड़े अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्करी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इस नेटवर्क के तार पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश से जुड़े हुए हैं। इन लोगों के कब्जे से विदेश निर्मित अत्याधुनिक हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इनमें चेक गणराज्य में बना सबमशीन गन, विदेशी कंपनियों की सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल और 200 से अधिक कारतूस शामिल हैं। सरगना बुलंदशहर (यूपी) का शाहबाज अंसारी है जो बांग्लादेश से यह नेटवर्क चला रहा था।

### महादेव एप: ईडी ने 1,700 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने अवैध महादेव ऑनलाइन सट्टेबाजी एप के मुख्य प्रवर्तकों में एक सौरभ चंद्राकर से जुड़े संगठनों की दुबई स्थित 1,700 करोड़ की अचल संपत्ति जब्त की। एजेंसी ने पहले बताया था कि मामले में छत्तीसगढ़ के कई बड़े राजनेता और नौकरशाह शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि रायपुर स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय ने पीएमएलए के तहत एक अंतरिम आदेश जारी कर दुबई में बुर्ज खलीफा में कुछ संपत्तियों सहित कई विला और महंगे घरों को कुर्क करने का आदेश दिया है।

# अब शर्तों की जंग... अमेरिका के 15 सूत्री प्रस्ताव के जवाब में ईरान ने रखीं अपनी शर्तें

## ईरान ने ट्रंप का मखौल उड़ाया, अपने प्रस्ताव में क्षतिपूर्ति-होर्मुज पर संप्रभुता की मांग की

वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी

अमेरिका ने महत्वपूर्ण राजनयिक पहल के तहत पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान को 15 सूत्री प्रस्ताव दिया है। हालांकि, ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत होने के दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। साथ ही, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कड़े शब्दों में मजाक उड़ाते हुए कहा है कि वार्ता तभी संभव है जब वह ईरान की शर्तों के अनुरूप होगी। ईरान ने इसके साथ संघर्षविराम का अपना प्रस्ताव भी जारी किया, जिसमें युद्ध क्षतिपूर्ति और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संप्रभुता की मांग की है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि अमेरिका की ओर से 15 सूत्री प्रस्ताव पाकिस्तान के मध्यस्थों के माध्यम से भेजा गया था। रॉयटर्स ने भी इस योजना की पुष्टि की है। ईरान की ओर से बातचीत होने के दावे को पूरी तरह खारिज किए जाने के बावजूद ट्रंप ने कहा है तेहरान समझौते पर पहुंचने के लिए उत्सुक है। दोनों पक्ष 15 बिंदुओं पर सहमत हुए हैं जिनमें ईरान की ओर से परमाणु हथियार हासिल न करने का वादा भी शामिल है। ट्रंप ने कहा, अगर समझौता हो जाता है तो होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द फिर से खुल सकता है और ईरान के समृद्ध यूरेनियम भंडार को अमेरिका अपने कब्जे में ले सकता है।

ट्रंप के दावों का मजाक उड़ाते हुए ईरान के संयुक्त सैन्य कमान के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फगारी ने कहा, क्या आपके आंतरिक संघर्ष का स्तर उस चरण तक पहुंच गया है जहां आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं। हमारे जैसे लोग आप जैसे लोगों के साथ कभी नहीं रह सकते और हमारे जैसा कोई भी आपके साथ सौदा नहीं करेगा। अभी नहीं। कभी नहीं। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे अब अमेरिकी कूटनीति पर भरोसा नहीं है।



ईरान के ड्रोन हमले के बाद कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई।

### ट्रंप को जवाब... हार को समझौते का नाम मत दीजिए

ईरानी सैन्य प्रवक्ता जुल्फाघारी ने ट्रंप की शर्तों के जवाब में कहा, जिस रणनीतिक ताकत की बात आप किया करते थे, वह अब रणनीतिक विफलता में बदल गई है। जो देश खुद को वैश्विक महाशक्ति कहता है, अगर संभव होता तो वह इस संकट से अब तक निकल चुका होता। अपनी हार को समझौते का नाम मत दीजिए। खोखले वादों का आपका दौर अब समाप्त हो चुका है।

### ईरान ने बरसाए ड्रोन और मिसाइलें कुवैत इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आग

**दुबई।** युद्ध विराम के दावों को दावों को खारिज करने के साथ ईरान ने बुधवार को इजराइल और खाड़ी अरब देशों पर हमले जारी रखे। ईरान ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी निशाना बनाया, जिससे वहां भीषण आग लग गई। ईरान ने दूसरे पड़ोसी खाड़ी देशों पर भी दबाव बनाए रखा। सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने ईरान की ओर से अपने तेल-समृद्ध पूर्वी प्रांत में दागे गए आठ ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। बहरीन में मिसाइल हमले के अलर्ट संबंधी सायरन सुनाई दिए। कुवैत ने कहा, उसने ईरान के कई ड्रोन मार गिराए, लेकिन उनमें से एक कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ईंधन टैंक से टकरा गया, जिससे भीषण आग लग गई। इस बीच इजराइली सेना ने घोषणा की कि उसने बुधवार तड़के ईरान में सरकारी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए व्यापक पैमाने पर फिर से हमले शुरू कर दिए हैं।

- इजराइल ने ईरान के सरकारी बुनियादी ढांचों को बनाया निशाना

### अमेरिका ने युद्ध क्षेत्र में तैनाती बढ़ाई

इस बीच, अमेरिका की सेना 82वीं 'एयरबोर्न डिवीजन' से 1,000 और सैनिकों को तैनात करने की तैयारी कर रही है ताकि क्षेत्र में पहले से मौजूद करीब 50,000 सैनिकों को और बल मिल सके। पेंटागन दो मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट की भी तैनाती कर रहा है जिसके तहत क्षेत्र में करीब 5,000 मरीन एवं नौसेना के हजारों अन्य कर्मी और तैनात किए जाएंगे।

# हम पाकिस्तान की तरह दलाल राष्ट्र नहीं: सरकार

- सर्वदलीय बैठक में बोले जयशंकर कहा- पाकिस्तान का अमेरिका 1981 से कर रहा इस्तेमाल

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत में पश्चिम एशिया में युद्ध जल्द खत्म होने पर जोर दिया है क्योंकि इससे सभी को नुकसान हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थता के संदर्भ में पाकिस्तान को 'दलाल' राष्ट्र करार दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बैठक में कहा कि पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों में कुछ भी नया नहीं है क्योंकि उस देश को 1981 से अमेरिका इस्तेमाल कर रहा है।

बताया गया कि जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा के लिए संसद परिसर में बुलाई गई बैठक में मौजूद नेताओं से कहा, हम दलाल राष्ट्र नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, सरकार ने विपक्ष के इस आरोप का खंडन किया कि भारत सरकार इस मामले पर चुप है और कहा कि हम टिप्पणी कर रहे हैं और जवाब दे रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने पर जल्द शोक व्यक्त न करके नैतिक कमजोरी दिखाई है। सरकार का पक्ष था कि जब ईरान दूतावास खोला गया तो विदेश सचिव ने तुरंत वहां दौरा किया और शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए।



बैठक से निकलते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

### पाकिस्तान मध्यस्थ हम मूकदर्शक: विपक्ष

बैठक के बाद विपक्ष ने यह मांग फिर दोहराई कि लोकसभा में नियम 193 और राज्यसभा में नियम 176 के तहत पश्चिम एशिया संकट को लेकर चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ने कहा, बहुत सारे मुद्दे थे, जिन पर सरकार का जवाब संतोषजनक नहीं था। कहा, पाकिस्तान जो हमसे हर तरह से कमजोर है, वो मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है और हम मूकदर्शक बने हुए हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर पर्याप्त जानकारी दी गई।

## योगी सरकार का बड़ा फैसला रामनवमी पर दो दिन अवकाश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने रामनवमी पर दो दिन अवकाश की घोषणा की है। पहले 26 मार्च को अवकाश की घोषणा की गई थी, अब 27 मार्च को भी अवकाश रहेगा।

मुख्यमंत्री ने यह निर्णय मंदिरों में बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिया। प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों, खासकर अयोध्या सहित विभिन्न मंदिरों में रामनवमी पर हर वर्ष भारी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए यह फैसला लिया गया है, ताकि व्यवस्था बेहतर तरीके से संभाली जा सके। सरकार के अनुसार अतिरिक्त अवकाश से यातायात, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को सुचारु रूप से संचालित करने में भी सहायता मिलेगी।

# पूर्व सैनिकों-अग्निवीरों को उत्तराखंड वीर उद्यमी योजना में आरक्षण

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में 15 प्रस्तावों को मिली स्वीकृति
- गेहूं की खरीद 2585 रुपये क्विंटल पर होगी, गेहूं-धान पर केंद्र के बराबर मंडी शुल्क

**अमृत विचारः** विस्तार के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित पहली कैबिनेट बैठक में राज्य के समग्र विकास और जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए 15 महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि, इन फैसलों से किसानों, युवाओं, पूर्व सैनिकों, कर्मचारियों एवं आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।

उद्योग विभाग द्वारा प्रस्तावित नई योजना उत्तराखंड वीर उद्यमी योजना 2026 (मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना) में पूर्व सैनिकों एवं अग्निवीरों के लिए 10% आरक्षण और 5% अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना की सप्लीमेंटरी योजना के तहत प्रस्तावित इस योजना में लक्ष्य के सापेक्ष 10% लक्ष्य पूर्व सैनिक एवं पूर्व अग्निवीरों के लिए रिजर्व रहेगा। परिवार में पति-पत्नी दोनों पूर्व सैनिक या पूर्व अग्निवीर हैं तो दोनों को लाभ तथा 5% सब्सिडी मिलेगी। इसके तहत पर्वतीय क्षेत्रों के लिए 2 लाख रुपये तक 30%, 2 से 10 लाख रुपये तक 25% तथा 10 से 25 लाख रुपये में 30% की सब्सिडी दी जाएगी जबकि मैदानी क्षेत्रों में 2 लाख रुपये में 25%, 2 से 10 लाख में 20% तथा 10 से 25 लाख रुपये में 15% सब्सिडी दी जाएगी। गेहूं खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये क्विंटल पर होगी, खरीद लक्ष्य 2.2 लाख मीट्रिक टन तय किया गया है। रबी-खरीब सत्रों में गेहूं-धान पर मंडी शुल्क केंद्र के बराबर 2% ही लेने का निर्णय लिया गया है।

संबंधित पेज-2



### कैबिनेट के प्रमुख फैसले

- न्यायिक अधिकारियों को ई-व्हीकल खरीद के लिए 10 लाख रुपए तक का सॉफ्ट लोन
- गृह विभाग के अंतर्गत नई नियमावली लागू करने को मंजूरी
- उत्तराखंड होमगार्ड के लिए नई नियमावली मंजूर
- बीएनएस के तहत प्रशिक्षण हेतु विशेषज्ञ नियुक्ति को स्वीकृति
- वन विभाग में मुख्य प्रशासनिक पद के लिए न्यूनतम सेवा अवधि अब 22 वर्ष होगी

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को राहत, गिरफ्तारी पर लगी रोक



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन शोषण मामले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी को अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने यह फैसला सुनाते हुए दोनों पक्षों को मीडिया के समक्ष कोई बयान नहीं देने का भी निर्देश दिया।

इससे पहले, अदालत ने 27 फरवरी को अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर अगले आदेश तक रोक लगाते हुए कहा था कि नाबालिगों के कथित यौन उत्पीड़न मामले और झूंसी थाने में दर्ज मामले में अविमुक्तेश्वरानंद को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। अग्रिम जमानत देते हुए अदालत ने याचिकाकर्ताओं पर कई शर्तें लगाईं जैसे कि वे साक्ष्य से छेड़छाड़ नहीं करेंगे और सुनवाई की तिथि पर संबंधित अदालत के समक्ष पेश होंगे।

# विजिलेंस ने सुपरवाइजर को घूस लेते हुए दबोचा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- पदोन्नति कराने के लिए मांगे थे 50 हजार रुपये, मामला दर्ज

**अमृत विचारः** आंगनबाड़ी सहायिका को पदोन्नति दिलाने की एवज में 50 हजार की रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस टीम ने हरिद्वार में महिला एवं बाल कल्याण विभाग की सुपरवाइजर को बुधवार को गिरफ्तार किया है।

विजिलेंस के अधिकारियों ने बताया कि, केन्द्र नंबर-7 भौरी रुड़की, ग्रामीण द्वितीय की सहायिका ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पदोन्नति के लिए बाल विकास अधिकारी कार्यालय की सुपरवाइजर राखी सैनी 50 हजार रुपए मांग रही है। शिकायत की प्रथमदृष्टया पुष्टि होने के बाद विजिलेंस की ट्रैप टीम ने आरोपी सुपरवाइजर को हरिद्वार के रोशनाबाद मुख्यालय से शिकायतकर्ता से 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस के प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में थाना विजिलेंस सेक्टर देहरादून में मामला दर्ज किया गया है। विजिलेंस टीम ने गिरफ्तार सुपरवाइजर के आवासीय ठिकानों की तलाशी ली, जहां से कई दस्तावेज मिले हैं।

## नोटिसः अकबर रोड व रायसीना रोड कार्यालय खाली करे कांग्रेस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने कांग्रेस को अकबर रोड और रायसीना रोड स्थित कार्यालयों को 28 मार्च तक खाली करने का नोटिस जारी किया है।

कांग्रेस का मुख्यालय 1978 से 24 अकबर रोड पर था, लेकिन अब यह 9ए कोटला मार्ग स्थानांरित हो चुका है। पार्टी अकबर रोड स्थित अपने पुराने मुख्यालय का इस्तेमाल कार्यालय के रूप में कर रही है। कांग्रेस संगठन भारतीय युवा कांग्रेस और एनएसयूआई का मुख्यालय 5 रायसीना रोड पर है। बताया गया कि नोटिस में पार्टी को एक सप्ताह का भी समय नहीं दिया गया।

कैबिनेट फैसले | केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूर की 10 वर्ष अवधि के लिए 28,840 करोड़ रुपये की योजना

# उड़ान : देश में बनेंगे 100 नए एयरपोर्ट और 200 हैलीपैड

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संशोधित 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान) योजना को 2035-36 तक 10 वर्ष की अवधि के लिए 28,840 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ बुधवार को मंजूरी दे दी। योजना के तहत देश में 100 नए हवाई अड्डे और 200 हैलीपैड बनाए जाएंगे।

संशोधित क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना के लिए सरकार की ओर से बजटीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत मौजूदा अनुपयोगी हवाई पट्टियों (एयरस्ट्रिप) से 100 हवाई अड्डों का विकास किया जाएगा। अगले आठ वर्ष में इन हवाई अड्डों के विकास पर कुल 12,159 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत 200 आधुनिक हेलीपैड विकसित करने का भी लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए अगले आठ वर्ष में कुल 3,661 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

इसके अलावा, इस योजना के तहत एयरलाइन कंपनियों को 10 वर्ष की अवधि में परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिए (वीजीएफ) 10,043 करोड़ रुपये का वित्तपोषण प्रदान किया जाएगा। 'उड़ान' योजना को अक्टूबर, 2016 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क बढ़ाना और हवाई यात्रा को अधिक किफायती बनाना है।



### 5 वर्ष के लिए बढ़ी आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं पहचान योजना

**नई दिल्ली।** सरकार ने आव्रजन, वीजा, विदेशी पंजीकरण एवं पहचान (आईवीएफआरटी) योजना को 1800 करोड़ रुपये की लागत से अगले पांच वर्ष 2031 तक जारी रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह मंजूरी आगामी एक अप्रैल से 31 मार्च 2031 तक के लिए दी गई है और इसके लिए 1800 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। आईवीएफआरटी प्लेटफॉर्म देश में आव्रजन, वीजा जारी करने और विदेशियों के पंजीकरण से संबंधित कार्यों को आपस में जोड़ने का काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य सुरक्षित और एकीकृत सेवा वितरण ढांचे के भीतर आव्रजन और वीजा सेवाओं का आधुनिकीकरण और उन्नयन करना है।

### अष्टम महागौरी



मां दुर्गा की आठवीं शक्ति का नाम महागौरी है। दुर्गापूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी विनष्ट हो जाते हैं। भविष्य में पाप, संताप, दैन्य-दु:ख उसके पास कभी नहीं जाते। वह सभी प्रकार से पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है। देवी महागौरी की पूजा से राहु का बुरा प्रभाव खत्म होता है।

बीज मंत्र...

**माँ महागौरी: श्री क्लीं ह्रीं वरदायै नम:**

## नवरात्रि के मौके पर देशभर से नैनीताल पहुंचते हैं भक्त, मान्यता है कि मां को स्नान कराए गए पानी से दूर होती हैं बीमारियां

# मां पाषाण देवी ने दिखाई शक्ति तो नतमस्तक हो गया ब्रिटिश अफसर

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल का पाषाण देवी मंदिर स्थानीय लोगों के साथ-साथ देश भर से आने वाले भक्तों के लिए खासा महत्व रखता है। नवरात्री पर्व में यहां भक्तों का तांता लगा रहता है। पाषाण देवी मंदिर में मां भगवती के सभी 9 स्वरूपों के दर्शन एक साथ होते हैं। जिसके लिए भक्त पूरे नवरात्र के मौके पर विभिन्न कोनों से मां के दर्शन के लिए नैनीताल पहुंचते हैं।

मंदिर के पुजारी जगदीश भट्ट बताते हैं मंदिर का भी अपना एक इतिहास है। कहा जाता है कि ब्रिटिश शासन काल में एक अंग्रेज अधिकारी मां पाषाण देवी मंदिर से गुजर रहा था। अंग्रेज अफसर की नजर मां पाषाण देवी की मूर्ति पर पड़ी जो उसे पसंद नहीं आई और उसने माता की मूर्ति में कालिख पोत दी।

जिसके बाद मां ने अंग्रेज को अपनी शक्ति दिखाई और उसको मंदिर से आगे नहीं बढ़ने दिया। जिसके बाद अंग्रेज को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने मां से माफी मांगी। साथ ही स्थानीय महिलाओं के सहयोग से उसने माता को सिंदूर का चोला पहनाया। तब अंग्रेज अपने घोड़े के साथ मंदिर से आगे बढ़ सका।

इसके बाद यहां पर मां का श्रृंगार सिंदूर के चोले किए जाने की परंपरा पड़ी। प्रत्येक मंगलवार और शनिवार व हर नवरात्र पर मां को चोली पहनाने की परंपरा है। यहां नवरात्री के दौरान माता नवदुर्गा के रूप में वैष्णव विधी से पूजा होती है।

जिसमें माता को शंख के जल से स्नान कराया जाता है। मान्यता है कि मां को स्नान कराए गए पानी से समस्त त्वचा रोग दूर होते है साथ ही अतृप्त व बुरी आत्माओं के प्रकोप भी समाप्त हो जाता हैं और इस जल को लेने दूर-दूर से लोग नैनीताल के इस मंदिर में आते हैं। कहा जाता है कि इस जल के सेवन और स्नान से मनुष्य का हकलाना, जोड़ों में दर्द, सूजन समेत तमाम बीमारियां दूर हो जाती हैं।



नैनी झील किनारे चट्टान पर बनी है मां की कुदरती आकृति।

### इसलिए कहा जाता है मां को पाषाण देवी

नैनी झील किनारे मां की कुदरती आकृति चट्टान (पाषाण) पर बनी है और इसमें पिंडी के रूप में माता के 9 रूप हैं। इस मंदिर में माता को सिंदूर का चोला पहनाया जाता है। साथ ही यह भी कहा जाता है कि माता की पादुकाएं नैनीताल की झील के भीतर हैं। इसलिए झील के जल को कैलाश मानसरोवर की तरह पवित्र माना जाता है और भक्त इस नैनी सरोवर के जल को अपने घर भी लेकर जाते हैं। मान्यता है जल को घर में रखने से घर में सुख शांति बनी रहती है। साथ ही इसका प्रयोग करने से किसी प्रकार की बीमारी भी नहीं होती।

## नैनीताल भीम आर्मी की जिला इकाई भंग

**हल्द्वानी:** भीम आर्मी जनपद नैनीताल में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने समस्त नगर इकाई, ब्लॉक इकाई तथा जिला कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। यह निर्णय कुछ पदाधिकारियों की उदासीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते लिया गया। जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने बताया कि संगठन की मजबूती के लिए यह कदम उठाना आवश्यक हो गया था। उन्होंने कहा कि कुछ पदाधिकारी लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय नहीं थे, वहीं कुछ पर पार्टी की नीतियों के खिलाफ कार्य करने के आरोप भी सामने आए थे, जिससे संगठन की छवि प्रभावित हो रही थी।

### सिटी ब्रीफ

#### कैबिनेट मंत्री कैड़ा का आज होगा स्वागत

**हल्द्वानी :** भाजपा की बुधवार को मुखानी स्थित कुमाऊं सभाग कार्यालय में कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा के हल्द्वानी आगमन पर स्वागत कार्यक्रम के निमित्त बैठक संपन्न हुई। इसमें जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि कैबिनेट मंत्री कैड़ा आज दोपहर 2 बजे भाखड़ा पुल पर पहुचंगे जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। फिर दो पहिया व चार पहिया वाहन रैली के साथ लामाचौड़, फतेहपुर, कठघरिया, ऊंचापुल, कुसुमखेड़ा होते हुए चार बजे भाजपा कार्यालय लाया जाएगा। इस समारोह में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, दायित्वधारी व कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया हैं। इस दौरान विनीत अग्रवाल, प्रताप बोरा, प्रतिभा जोशी आदि रहे।

#### मौसम हुआ साफ तो पारा हुआ 30 डिग्री पार

**हल्द्वानी :** मौसम साफ होते ही हल्द्वानी में पारा 30 डिग्री पार चला गया। यही हाल अन्य मैदानी इलाकों का भी है। वहां भी दोपहर के समय हल्की गर्मी पड़ी।

जारी आंकड़ों के मुताबिक देहरादून में अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.4 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 15.1 डिग्री सेल्सियस रहा। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम 11.6 डिग्री दर्ज किया गया। पर्वतीय क्षेत्रों की बात करें तो मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 20.8 डिग्री और न्यूनतम 6.4 डिग्री रहा, जबकि नई टिहरी में अधिकतम 20.2 डिग्री और न्यूनतम 6.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। नई टिहरी में न्यूनतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज हुआ।

# साल 2024 का सर्वे ही अंतिम और मान्य इसके दायरे में आ रहे भवन हैं अतिक्रमण

## वर्ष 2017 व 2024 को लेकर हुए सर्वे में संशय को लेकर नगर निगम ने स्थिति की स्पष्ट, अन्य जानकारी भी दीं

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार बनभूलपुरा में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लगाए जा रहे कैंपों का बुधवार को निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम व प्रशासन को जनता के बीच में फैल रही अफवाहों व संशय को दूर करने के लिए जरूरी निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण में पीएम आवास योजना का लाभ देने के लिए कैंप लगाए गए हैं। अब प्रशासन की ओर से वर्ष-2017 और 2024 में सर्वे हुआ था। ऐसे में लोगों में संशय है कि इसमें सही सर्वे किसको माना जाएगा। इस पर नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 में हुआ सर्वे मान्य है। इसी सर्वे को अंतिम माना जाएगा। विधायक ने कहा कि इसके नक्शे की एक कॉपी सभी कैंपों रखी जाए ताकि लोगों, जनप्रतिनिधियों को परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यह भी संशय है कि टीमों ने डोर टू डोर आवेदन फार्म वितरित किए थे लेकिन जिन्हें आवेदन फार्म नहीं मिले हैं तो वे इसके लिए पात्र नहीं है, उन्हें आवास नहीं मिलेगा। इस पर वर्मा ने बताया कि जिन परिवारों को डोर टू डोर सर्वे में फार्म नहीं मिला है, वे कैंप पर आ सकते हैं, यहां भी फार्म मौजूद हैं। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि ये कैंप विशुद्ध रूप से रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रभावितों के लिए लगाए गए हैं, इसके अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति इन कैंपों से फार्म नहीं ले सकता है। कैंप में तैनात टीमों को सूची दी गई है। प्रभावित का नाम सत्यापित करने के बाद ही आवेदन फार्म लिया जा रहा है। एक रजिस्टर भी बनाया गया है, जिसमें सभी के नाम लिखे जा रहे हैं। बाद में रजिस्टर से भी सत्यापन किया जाएगा।

विधायक ने रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रभावितों से सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार लगाए गए इन कैंपों का लाभ लेने की अपील की है। कहा कि जनता की सहूलियत के लिए फार्म भरने, स्टांप ड्यूटी, नोटरी की व्यवस्था भी कैंपों में की गई है। प्रभावितों को सिर्फ जरूरी दस्तावेजों के साथ पहुंचना है। फिर कैंप में कर्मी उनकी हर मदद करेंगे।



मदरसा नैनीताल पब्लिक स्कूल में अधिकारियों से वार्ता करते विधायक सुमित हृदयेश। ● अमृत विचार

● सिर्फ रेलवे भूमि अतिक्रमणकारियों के लिए हैं ये कैंप

### मैं अपनी भूमि रेलवे को दे रहा हूं...

**हल्द्वानी :** विधायक सुमित ने बताया कि पीएम आवास योजना में एक शपथ पत्र देना होता है कि भारत में कहीं भी संबंधित की भूमि या आवास नहीं है जबकि अफवाह फैल रही है कि शपथ पत्र में लिखा जा रहा है कि प्रभावित अपनी इच्छा से भूमि रेलवे को दे रहे हैं जो कि पूरी तरह गलत है एवं कोरी अफवाह है। उन्होंने जनता से ऐसी अफवाहों को ध्यान नहीं देने और सिरे से खारिज करने की अपील की है।

### किराएदारों को मकान बेच रहे अतिक्रमणकारी

**हल्द्वानी :** रेलवे भूमि अतिक्रमण में नया मामला सामने आ रहा है। अतिक्रमण की जद में आ रहे कई प्रभावितों के पक्के मकान व अन्यत्र भूमि है इसलिए वे पीएम आवास योजना के दायरे में नहीं आ रहे हैं। ऐसे में वे अपने किराएदारों या अन्य को अपना मकान का औने-पौने दामों में सौदा कर रहे हैं। इसकी शिकायतें सामने आने के बाद पुलिस-प्रशासन ने जांच शुरू करा दी है। वहीं, नगर आयुक्त वर्मा ने बताया कि सर्वे पूरा हो चुका है, जिसमें सभी के नाम हैं, उन्हीं को ही प्रभावित माना जाएगा।

# 75 दिन तक काटे चक्कर अब लिखी एफआईआर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बेटी के खाते में डेढ़ लाख रुपए जमा करने डाक घर गए पिता का बैग किसी शातिर ने खंगाल डाला। रुपए जमा करने के लिए वह लाइन में लगे थे और जब जमा करने के लिए बैग में हाथ डाला तो होश फाख्ता हो गए। पीड़ित ने शातिर की तलाश में डाक घर खंगाल डाला और फिर पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने पीड़ित को 75 दिन तक चक्कर कटवाए और अब जाकर मुकदमा दर्ज किया।

देवलचौड़ खाम मानपुर पश्चिम निवासी खुशाल सिंह बगड़वाल पुत्र बिशन सिंह ने पुलिस को बताया कि यह घटना बीती 8 जनवरी की है। खुशाल को अपनी बेटी के खाते में डेढ़ लाख रुपए डालने थे। इसके लिए पहले वह अपनी बैंक गए और डेढ़ लाख रुपए निकाले। रुपए बेटी के खाते में जमा करने के लिए डाक घर पहुंचे और लाइन में लग गई। रुपए उन्होंने अपने पिट्ठू बैग में रखे थे, जिसे उन्होंने कंधे पर लटका रखा था। इधर, जब रुपए जमा कराने का नंबर आया और बैग में हाथ डाला तो बैग की चेन को खुला पाया। उनके होश फाख्ता हो गए, बैग से रुपए गायब थे। हक्का-बक्का खुशाल रुपए निकालने वाले को यहां-वहां तलाशने लगे। शातिर का जब कहीं पता नहीं चला तो वह सीधे पुलिस के पास पहुंचे, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने में 75 दिन लगा दिए। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुकदमा लिखने से पहले ही मामले की जांच की जा रही थी। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि डाकघर व घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है। इसके अलावा मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है।



प्रतीकात्मक एआई फोटो।

● डाक घर गया था बेटी के खाते में डेढ़ लाख जमा करने

● लाइन में लगा था पीड़ित, किसी ने बैग से निकाले रुपए

# किल्लत : शीशमहल गैस गोदाम में लोगों का हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लगातार गहराते रसोई गैस संकट का असर अब दिखने लगा है। बुधवार को शीशमहल स्थित गैस गोदाम पर सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा और देखते ही देखते स्थिति विवाद से हाथापाई तक पहुंच गई।

जानकारी के मुताबिक, आरटीओ रोड और कुसुमखेड़ा क्षेत्र के कई उपभोक्ता, जिनकी गैस एजेंसी हल्द्वानी में आती है, निर्धारित बुकिंग के बावजूद सिलेंडर न मिलने पर वह शीशमहल गोदाम पहुंचे थे। लोगों का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी समय पर गैस उपलब्ध नहीं हुई है, जिससे उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। घंटों इंतजार के बाद जब मौके पर मौजूद ठेकेदार से संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। पहले तीखी बहस हुई, जो कुछ ही देर में धक्का-मुक्की और हाथापाई में बदल गई। सूचना मिलने पर काठगोदाम पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा के अनुसार स्थिति को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया। किसी भी पक्ष से तहरीर नहीं दी गई। सभी उपभोक्ताओं को समझाकर वापस भेज दिया गया है।

● सिलेंडर न मिलने से भड़का गुस्सा ठेकेदार से झड़प के बाद हाथापाई

# 35 दिन की बाध्यता खत्म, फिर 25 दिन में होगी गैस बुकिंग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। शहरी क्षेत्रों में गैस सिलेंडर बुकिंग को लेकर हाल ही में लागू किया गया 35 दिन का नियम सरकार ने महज दो दिन में ही वापस ले लिया है।

अब पहले की तरह उपभोक्ता 25 दिन के भीतर ही गैस सिलेंडर बुक कर सकेंगे। इस फैसले से गैस की किल्लत से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। पहले शहरी क्षेत्रों में 15 दिन के भीतर ही सिलेंडर बुक हो जाता था, लेकिन आपूर्ति संकट के चलते इसे बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया था। इसके बाद दो सिलेंडर (डीपीसी) वाले उपभोक्ताओं के लिए 35 दिन बाद बुकिंग का नियम लागू किया गया, जिससे समस्याएं और बढ़ गईं। उपभोक्ताओं को लंबे इंतजार का सामना करना पड़ रहा था और रसोई गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही थी।

इंडेन गैस सर्विस काठगोदाम के प्रबंधक गणेश सिंह नेगी ने बताया कि 35 दिन में बुकिंग वाला नियम समाप्त कर दिया गया है। अब उपभोक्ता पहले की तरह 25 दिन के भीतर गैस सिलेंडर बुक कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्टोरेज की समस्या धीरे-धीरे कम हो रही है और आने वाले दिनों में आपूर्ति व्यवस्था और बेहतर होने की उम्मीद है।



नैनीताल में गैस सिलेंडर के लिए लाइन में लगे लोग। ● अमृत विचार

### सरोवर नगरी में गैस सिलेंडर की किल्लत बरकरार

**नैनीताल :** नगर में बुधवार को 116 गैस सिलेंडर वितरित किए। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में 2100 सिलेंडर का बैकलाग चल रहा है। इधर सिलेंडर न मिल पाने से लोग परेशान हैं। पर्वत गैस एजेंसी की प्रबंधक अंकिता पांडे ने बताया कि बीडी पांडे अस्पताल समेत कुछ अन्य हिस्सों में आज गैस सिलेंडर वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि, उनका गैस वितरण क्षेत्र नैनीताल नगर समेत ज्योलिकोट, मंगोली, घटगढ़, मंगोली व खुरपाताल समेत कुछ अन्य ग्रामीण क्षेत्र हैं। नैनीताल नगर में आज 116 सिलेंडर बांटे गए। उनके क्षेत्र में करीब 2100 लोगों की गैस बुकिंग की पर्ची कटी हुई है। उम्मीद है कि यह बैकलाग अगले दो तीन रोज में पूरा कर दिया है। इधर गैस सिलेंडर नहीं मिल पाने के कारण उपभोक्ता परेशान हैं, जबकि कॉमर्शियल सिलेंडरों की पूर्ति सीमित संख्या में की जा रही है। नगर में नमकीन व जलेबी की दुकानों में ताला लग चुका है, जबकि कई रेस्टोरेंट बंद हो चुके हैं। होटलों का मेनू सिमटने लगा है। गैस की किल्लत को लेकर अधिकांश होटलों में इंडक्शन के चूल्हों में भोजन पकाया जा रहा है। तेल में बनाए जाने व्यंजन लगभगय बंद हो चुके है।

### एजेंसियों पर अभी भी लगी हुई हैं लंबी-लंबी कतारें

**हल्द्वानी :** नियम में राहत के बावजूद जमीनी स्तर पर समस्याएं पूरी तरह खत्म नहीं हुई हैं। गैस एजेंसियों पर अब भी लंबी कतारें देखी जा रही हैं। खासकर इंडेन गैस के उपभोक्ताओं को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रीतमपुरी निवासी लक्ष्मी बिष्ट ने बताया कि उन्होंने गैस सिलेंडर बुक कर एडवांस भुगतान भी कर दिया है ओटीपी मिलने के बावजूद अब तक डिलीवरी नहीं हो सकी है। इसी तरह की शिकायतें अन्य उपभोक्ताओं द्वारा भी की जा रही हैं। ऐसे में भले ही सरकार ने बुकिंग नियमों में राहत दे दी हो, लेकिन आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने की चुनौती अब भी बनी हुई है। उपभोक्ताओं को पूरी राहत तभी मिलेगी जब गैस सिलेंडर की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी।

चिंताजनक | पूरे प्रदेश में केवल 1749 बेटियों को ही लगी है वैक्सीन

# सर्वाइकल कैंसर से बचाने के वैक्सीनेशन में उदासीनता

नरेन्द्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** किशोरियों को सर्वाइकल वैक्सीन से बचाने वाली वैक्सीन को लेकर लोगों में उदासीनता साफ दिख रही है जबकि यह वैक्सीन स्वास्थ्य विभाग निशुल्क लगा रहा है। सीएचसी और पीएचसी केंद्रों को भी निशुल्क टीकाकरण के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। राज्य में करीब 1.25 लाख किशोरियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है लेकिन केवल 1749 किशोरियों को ही वैक्सीन लगी है। यह

राज्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए शुरू किए गए निशुल्क एचपीवी वैक्सीन अभियान को परिजनों की ओर से मिल रही ठंडी प्रतिक्रिया ने स्वास्थ्य अधिकारियों को चिंतित कर दिया है।

अभियान शुरू हुए अब एक महीना होने को है लेकिन राज्य के 13 जिलों में केवल 1749 किशोरियों को ही वैक्सीन लगी है जबकि स्वास्थ्य विभाग को 1.25 लाख का लक्ष्य छूना है।

नैनीताल जिले में ही 9403 वैक्सीन दी गईं हैं लेकिन अभी तक केवल 95 किशोरियों को ही वैक्सीन लगी है। भारत में हर साल लाखों महिलाएं इस बीमारी से प्रभावित होती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, किशोरावस्था में लगाई गई यह वैक्सीन भविष्य में कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकती है। वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करती है, जो सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है।




● नैनीताल जिले में केवल 95 किशोरियों को ही लगी वैक्सीन

### वैक्सीन को लेकर अफवाहों पर न दें ध्यान: डॉ. शर्मा

**हल्द्वानी :** वैक्सीन को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाहें भी उड़ रहीं हैं जिन्हें स्वास्थ्य विभाग ने नकार दिया है। नैनीताल जिले के प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अजय शर्मा ने बताया कि वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है, किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। वैक्सीनेशन की प्रक्रिया के धीरे चलने की वजह वर्तमान में चल रही परीक्षा हैं। बावजूद इसके सभी आशाओं व एएनएम को वैक्सीन को लेकर जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है। महिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी वैक्सीन के बारे में बताया जा रहा है। वैक्सीन लगाने का लक्ष्य निर्धारित समय में प्राप्त हो जाएगा।

### ये है रफ्तार


| जिला | लगी वैक्सीन |
|---|---|
| अल्मोड़ा | 172 |
| बागेश्वर | 51 |
| चमोली | 128 |
| चंपावत | 79 |
| देहरादून | 210 |
| हरिद्वार | 134 |
| नैनीताल | 95 |
| पौड़ी | 166 |
| पिथौरागढ़ | 215 |
| टिहरी | 102 |
| उत्तरकाशी | 47 |
| यूएसनगर | 281 |

# केंद्रीय टीम ने जांचा ट्रंचिंग ग्राउंड

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम के गौला रोखड़ स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड को पर्यावरणीय अनापत्ति देने के लिए केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की टीम ने ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने कूड़ा निस्तारण के इंतजामों का जायजा लिया और नगर आयुक्त की पीठ थपथपाई।

केंद्रीय वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय देहरादून के उप निदेशक डॉ. विपिन गुप्ता ने बुधवार को नगर आयुक्त परितोष वर्मा के साथ गौला रोखड़ा का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने लीगेसी वेस्ट प्लांट, कंपोस्ट पिट प्लांट व प्रस्तावित सेग्रीगेशन प्लांट व कूड़ा निस्तारण के अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नगर आयुक्त वर्मा ने बताया कि ट्रंचिंग ग्राउंड में जिले भर का कूड़ा आता है। हल्द्वानी में कूड़ा पृथकीकरण शुरू करा दिया है। गीला-सूखा कचरा अलग-अलग लिया जा रहा है। इस पर डॉ. गुप्ता ने कहा कि नगर निगम हल्द्वानी में कूड़ा निस्तारण को लेकर ठोस कदम उठाए गए हैं। अमूमन निकाय बजट, संसाधन, मानव श्रम व योजनाकारों की कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ने की कोशिश करते हैं लेकिन हल्द्वानी ने धरातल पर काम किया है।




गौला रोखड़ स्थित कंपोस्ट पिट प्लांट का निरीक्षण करते उपनिदेशक डॉ. विपिन गुप्ता।

# बिजली विभाग ने वसूला 8.66 करोड़ रुपये बकाया

## रोजाना काटे जा रहे हैं 15 बकायेदारों के बिजली कनेक्शन

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचारः** विद्युत विभाग ने अभी तक तक 8.66 करोड़ रुपए वसूली की है। 11.34 करोड़ की वसूली अभी बाकी है। सरकारी विभागों समेत अन्य बकायादारों के रोजाना 15 कनेक्शन काटे जाने का अभियान चला रखा हैं।

अधिशाषी अभियंता एसके सहगल ने बताया कि बकाया वसूली को लेकर अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए कई टीमें बनाई गई हैं, जो रोजाना उपभोक्ताओं के पास जाकर तकाजा कर रहे हैं और लंबे समय से बिल अदा नहीं कर पाने वालों के कनेक्शन काट रहे हैं। इस माह अभी तक सैकड़ों कनेक्शन काटे जा चुके है।

निजी उपभोक्ताओं के अलावा सरकारी विभागों के कनेक्शन भी काटे गए हैं। जिनमे ज्योलिकोट स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस का कनेक्शन काटा गया है, जबकि रामगढ़ बीडीओ दफ्तर का कनेक्शन भी काटा गया है। इनके अलावा आपदा कार्यालय का कनेक्शन भी काटा गया है।

सबसे बड़ा बकायादार नैनीताल नगर पालिका है। जिस पर चार करोड़ का बकाया है। जिसमे से 11 लाख ही अदा किए हैं। करीब 3.89 करोड़ अभी भी वसूला जाना है। बकाया अदायगी को लेकर पालिका से रोजाना तकाजा किया जा रहा है। उम्मीद है कि इस माह के अंत तक वसूली हो जाएगी।

उन्होंने बताया कि नैनीताल विद्युत विभाग के अधीन छः ब्लाकों में 72552 कनेक्शन हैं। जिनमें 48276 घरेलू हैं और कॉमर्शियल कनेक्शन 15553 हैं। इनके अलावा 8251 लघु उद्योगों व सरकारी विभागों के हैं। इनके अलावा शेष कनेक्शन सरकारी, अर्धसरकारी गेस्ट हाउस व सरकारी विद्यालयों के हैं।

अब वित्तीय वर्ष का सप्ताहभर का समय शेष रह गया है। इस दौरान सरकारी विभागों से अधिकांश वसूली होने की संभावना है। बकाया लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रयास जारी हैं।

## श्री खाटू श्याम जी का मंदिर बनाने का निर्णय

**लालकुआंः** मां अवंतिका कुंज देवी मंदिर प्रांगण में मंदिर कमेटी, श्री श्याम कृपा परिवार और श्री श्याम महिला परिवार लालकुआं की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर परिसर में भव्य श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण का निर्णय लिया गया। साथ ही निकट भविष्य में भव्य धार्मिक अनुष्ठान आयोजित करने का भी संकल्प लिया गया।

बैठक में श्याम परिवार के निवेदन पर मंदिर कमेटी ने सर्वसम्मति से मंदिर निर्माण का प्रस्ताव पारित किया। बैठक की अध्यक्षता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष लक्ष्मण खाती ने की, जबकि संचालन महामंत्री भुवन पांडे ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, रामलीला कमेटी अध्यक्ष बीसी भट्ट, समाजसेवी एडवोकेट हरीश नैनवाल, कुंदन सिंह नेगी, देवेंद्र नयाल, जीवन सिंह भंडारी, रघुवीर सिंह रजवार, सभासद धन सिंह बिष्ट, विनय रजवार आदि रहे।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव के लिए पहले दिन 11 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

- शुक्रवार को प्रताप भैय्या सभागार में होगी आमसभा

संवाददाता, नैनीताल



नैनीताल में नामांकन फार्म जमा करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिला बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर बुधवार को पहले दिन 11 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए हरिशंकर कंसल व अरुण बिष्ट ने नामंकन पत्र दाखिल किया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर कमल चिलवाल, प्रमोद तिवाड़ी, सचिव पद पर संजय सुयाल अनिल बिष्ट ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

संयुक्त सचिव पद पर नीरज गोस्वामी ने अपना नामंकन पत्र भरा। कार्यकरणी सदस्य के लिए प्रेमा आर्या तारा, निर्मल कुमार, मोहम्मद बिलाल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन की अंतिम तिथि 27 मार्च है। 28 मार्च को नाम वापसी नामांकन प्रपत्रों की जांच व उसी दिन वोटर लिस्ट का प्रकाशन भी किया जाएगा।

नामांकन प्रक्रिया में इस सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद बहुगुणा शंकर चौहान मुकेश कुमार शिवांशु जोशी मौजूद शामिल रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेश चंदोला ने बताया कि 27 मार्च, शुक्रवार को प्रताप भैया सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से आम सभा का आयोजन किया जाएगा।

30 मार्च को राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के कारण चुनाव की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह चुनाव एक अप्रैल बुधवार को संपन्न कराये जाएंगे। चुनावों को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# कुमाऊं विवि ने घोषित किए 258 परीक्षाफल

संवाददाता, नैनीताल


प्रो. दीवान सिंह रावत।

**अमृत विचारः** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने बुधवार को एक ही बार अधिसूचना के जरिए 258 परीक्षाफल घोषित किए हैं। पहली बार यह उपलब्धि हासिल की गई है। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025 के विषम सेमेस्टर के अंतर्गत मुख्य, बैक व एक्स-स्टूडेंट परीक्षाओं के परिणामों को एकीकृत करते हुए यह निर्णय लिया गया था। इस प्रयास का सार्थक नतीजा देखने को मिला।

अधिसूचना के अनुसार, पंजीकृत विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट व पोर्टल में परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। इसके लिए प्रत्येक विद्यार्थी का एबीसी आईडी होना अनिवार्य किया गया है, जिससे डिजिटल एकीकरण और पारदर्शिता को बढ़ावा मिला है।

जिन विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र या शुल्क ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त नहीं हो सके थे, उनके परिणाम अस्थायी रूप से रोके गए हैं। उनके परिणाम आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद जारी किया जाएगा। प्रो. रावत ने बताया कि यह पहल विश्वविद्यालय की डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता और प्रशासनिक दक्षता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक ही अधिसूचना में इतने बड़े पैमाने पर परिणाम घोषित करना विश्वविद्यालय के किए बड़ी उपलब्धि है।

# शहीदों की प्रतिमाएं ढहाने पर रोष

- विभिन्न संगठनों ने एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, रामनगर



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते विभिन्न संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में काकोरी कांड के शहीदों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान और रोशन सिंह की प्रतिमाएं बुल्डोजर से ढहाए जाने की घटना पर रामनगर में विभिन्न संगठनों ने रोष व्यक्त किया। इंकलाबी मजदूर केंद्र, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र और परिवर्तनकामी छात्र संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी रामनगर के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि 23 मार्च को, जब पूरा देश भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का शहादत दिवस मना रहा था, उसी दिन सुबह करीब तीन बजे शाहजहांपुर के टाउन हॉल में स्थापित काकोरी के शहीदों की प्रतिमाओं को प्रशासन द्वारा बुल्डोजर से ढहा दिया गया और मलबे को डंपिंग यार्ड में फेंक दिया गया। प्रतिनिधियों ने कहा कि ये महान क्रांतिकारी 9 अगस्त 1925 के काकोरी ट्रेन एक्शन में शामिल थे, जिन्होंने ब्रिटिश सत्ता को चुनौती दी थी। इसके बाद 19 दिसंबर 1927 को उन्हें फांसी दी गई थी।

ज्ञापन में रामप्रसाद बिस्मिल और अशफाकउल्ला खान की दोस्ती को हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक बताते हुए प्रतिमाएं ढहाने की घटना की कड़ी निंदा की गई। साथ ही उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और प्रतिमाओं को पुनः सम्मानपूर्वक स्थापित करने की मांग की गई। इस दौरान रोहित रुहेला, भुवन चंद्र, उबैदुल हक, तुलसी छिंवाल, रवि कुमार और विनोद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवक ने खुद का गला काटने की कोशिश की

- परिजनों के अनुसार कुछ दिनों से सामान्य नहीं था युवक का व्यवहार
- घायल को अस्पताल ले गई पुलिस डॉक्टरों ने किया रेफर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** पीरूमदारा क्षेत्र में बीती देर रात एक युवक ने दरांती से खुद का गला काटने की कोशिश की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार बीती रात डायल 112 पर सूचना मिली कि एक युवक ने खुद को गंभीर रूप से घायल कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि धर्मपुर आलिया, पीरूमदारा निवासी प्रदीप सिंह रावत ने अपने घर के आंगन में दरांती से गला काटने का प्रयास किया। घटना के समय उसकी मां गोदम्बरी देवी घर के अंदर मौजूद थीं। बाहर आकर उन्होंने बेटे को खून से लथपथ देखा और शोर मचाया। मां ने छोटे बेटे दीपक रावत को बुलाया और दोनों ने मिलकर युवक के हाथ से दरांती छीनी। इसके बाद युवक भागकर पास के खेत में जाकर लेट गया।

पुलिस के पहुंचने तक वह खेत में गंभीर हालत में पड़ा मिला, जबकि मां उसके पास बैठी हुई थी। परिजनों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से प्रदीप का व्यवहार असामान्य था और वह खुद पर भूत-प्रेत का साया होने की बात कह रहा था। पुलिस ने युवक को 108 एंबुलेंस से रामनगर सरकारी अस्पताल भिजवाया। जहां से डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## नहर के किनारे पुल की दीवार खतरे की जद में

**रामनगरः** भवानीगंज स्थित भगत सिंह चौक से हल्द्वानी बायपास के प्रारंभ में बड़ी नहर पर बने पुल की दीवार जर्जर हालत में पहुंच गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवार इतनी कमजोर हो चुकी है कि किसी भी समय गिर सकती है, जिससे दोपहिया वाहनों, अन्य वाहनों और पैदल राहगीरों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है।

नगरपालिका क्षेत्र में आने वाले इस पुल की दीवार पिछले कई महीनों से टूटी है। स्थानीय लोगों के अनुसार दीवार में कई जगह दरारें पड़ चुकी हैं और हल्का दबाव पड़ने पर भी इसके गिरने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में रोजाना यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और पैदल यात्रियों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों ने बताया कि कई बार नगरपालिका को जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उनका कहना है कि यदि जल्द मरम्मत नहीं कराई गई तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

# व्यक्तित्व विकास के लिए समय प्रबंधन जरूरी: जोशी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** समय प्रबंधन व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बात मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल के असिस्टेंट प्रोफेसर एवं एनसीसी अधिकारी डॉ. देवकी नंदन जोशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के बौद्धिक सत्र में कही।

उन्होंने शिविरार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना से अवगत कराया तथा समाज सेवा, परोपकार, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डाला। इससे पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन कुमार एवं डॉ. ममता भदोला जोशी के निर्देशन में योग और लक्ष्य गीत के साथ दूसरे दिन की शुरुआत हुई। परिसर की सफाई के बाद स्वयंसेवियों ने शहीद दिवस पर सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर स्थानीय ग्रामीणों को प्लास्टिक उन्मूलन, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। किशनपुर छोई के ग्राम प्रधान एवं अन्य ग्रामीणों ने एनएसएस स्वयंसेवकों के इस अभियान की सराहना की।

स्वयंसेवियों ने छोई के पारंपरिक लघु उद्योग 'घराट पनचक्की' के माध्यम से उद्योग कौशल की जानकारी प्राप्त की। जिला समन्वयक प्रोफेसर जगमोहन सिंह नेगी ने शिविर का औचक निरीक्षण कर स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा का मूल कर्तव्य बताया। द्वितीय सत्र में सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। योग प्रशिक्षक डॉ. मुरलीधर कापड़ी ने योग और आध्यात्म का मानव जीवन में महत्व बताया। शिविर में वैशाली, नेहा, निकिता, दीपक कुमार, प्रशांत एवं करण जोशी ने योगदान दिया।

## योग महोत्सव से लौटे विद्यार्थियों का अभिनंदन

**रामनगरः** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के योग विभाग के प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों का दल अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव ऋषिकेश में प्रतिभाग कर लौटने पर महाविद्यालय में अभिनंदन किया गया। यह महोत्सव 16 से 22 मार्च तक गंगा रिजॉर्ट ऋषिकेश में गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा आयोजित किया गया था।

योग प्रशिक्षक डॉ. मुरलीधर कापड़ी, विवेक जोशी तथा छात्र-छात्राओं में बलविंदर सिंह, राजेंद्र सिंह, आदित्य रावत, दीपक फुलेरा, आयुषी, नीमा, सोनी बिष्ट, रुचिका नेगी और मोनिका त्रिपाठी ने महोत्सव में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे, एमए योग संयोजक डॉ. मूलचंद्र शुक्ल, चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस मौर्य एवं डॉ. लवकुश कुमार ने उनका स्वागत किया।

योग प्रशिक्षक डॉ. मुरलीधर कापड़ी दल प्रमुख के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए।

# हैड़ियागांव, चकबहेड़ी और सलड़ी में विकास योजनाओं की प्रगति परखी

संवाददाता, भीमताल


विकास कार्यों का निरीक्षण करते ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने हैड़ियागांव, चकबहेड़ी और सलड़ी गांवों का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रबंधन, पलायन रोकथाम, कृषि, लघु सिंचाई, मनरेगा तथा राज्य वित्त और क्षेत्र पंचायत निधि से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

हैड़ियागांव में ब्लॉक प्रमुख ने निर्माणाधीन चेकडैम, गुल और जंगली जानवरों से कृषि भूमि की सुरक्षा के लिए बनाई जा रही घेरबाड़ का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने घिंघरानी क्षेत्र में वर्षा के दौरान कृषि भूमि कटाव और आवासों को खतरे की समस्या से अवगत कराया, जिस पर ब्लॉक प्रमुख ने वर्षा से पहले सुरक्षा कार्य कराने का आश्वासन दिया। ब्लॉक प्रमुख ने हैड़ियागांव और चकबहेड़ी विद्यालयों का भी निरीक्षण कर बच्चों से शिक्षा संबंधी जानकारी ली तथा शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने सलड़ी गांव में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक और जूनियर विद्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही निर्माणाधीन पशु अस्पताल का निरीक्षण कर कार्य को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार, जया बोहरा, नीलम आर्य, बीडीसी सदस्य देवेश कुमार, मोहित कुमार, अंकित आर्य, यशपाल आर्य, करण दनाई, कमल कुल्याल, बीडीओ हर्षित गर्ग सहित अन्य ग्रामीण और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

हालात | ओखलकांडा में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों का भारी अभाव, आंदोलन की चेतावनी

# 27 स्कूलों में 28 शिक्षक, 10 स्कूल शिक्षक विहीन

संवाददाता, भीमताल


स्कूल में पढ़ाई का प्रतीकात्मक फोटो।

**अमृत विचारः** ओखलकांडा विकासखंड में उच्च प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति लगातार दयनीय होती जा रही है। विकासखंड में कुल 27 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं, जिनमें मात्र 28 शिक्षक कार्यरत हैं, जबकि प्रत्येक विद्यालय में कम से कम चार शिक्षकों की आवश्यकता है। वर्तमान स्थिति में 27 में से 10 विद्यालय पूरी तरह शिक्षक विहीन हैं। इन विद्यालयों का संचालन प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है, जिन्हें मजबूरन अपने मूल विद्यालय छोड़कर अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है।

प्राथमिक शिक्षक संगठन ने बताया कि इस समस्या को कई बार विभागीय अधिकारियों के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। दूसरी ओर, सुगम क्षेत्रों में मानक से अधिक शिक्षक तैनात हैं, जिन्हें दुर्गम क्षेत्रों के शिक्षक विहीन विद्यालयों में भेजने की मांग की गई है। शिक्षकों की कमी के कारण छात्र-छात्राओं और अभिभावकों का पलायन बढ़ रहा है। बीते तीन-चार वर्षों में ओखलकांडा विकासखंड के आठ उच्च प्राथमिक विद्यालय बंद हो चुके हैं। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि नए शैक्षणिक सत्र से पहले समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

बताया गया कि अप्रैल से जनगणना कार्य शुरू होने वाला है, जिसमें शिक्षकों की ड्यूटी लगाए जाने से स्थिति और गंभीर हो सकती है। वर्तमान में कई शिक्षक पहले से ही बीएलओ कार्य में लगे हुए हैं।



"शिक्षकों की कमी से नए सत्र में नामांकन कम होने का खतरा है। विभाग को जल्द पदोन्नति सूची जारी करनी चाहिए या समायोजन करना चाहिए। – **बंशीधर कांडपाल**, जिला महामंत्री, उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, नैनीताल



"प्राथमिक शिक्षकों को जबरन उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भेजने का संगठन विरोध करता है। शीघ्र पदोन्नति और नई नियुक्तियां की जाएं, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा। – **जीएस बिष्ट**, अध्यक्ष, उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर एसोसिएशन, ओखलकांडा

## डिप्लोमा इंजीनियरों का आंदोलन जारी

**नैनीतालः** उत्तराखण्ड डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर महासंघ ने लबित 27 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण नहीं होने के विरोध में बुधवार को दूसरे दिन हड़ताल जारी रखी। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की।

डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ मंडल अध्यक्ष एस.एस. डंगवाल ने बताया कि कनिष्ठ अभियन्ताओं की लंबे समय से चली आ रही वेतन विसंगति को दूर करने, पदोन्नति में ठहराव के कारण समस्त अभियन्त्रण विभागों के डिप्लोमा इंजीनियर्स को पूर्ण सेवाकाल में पदोन्नति की पात्रता के अनुसार न्यूनतम तीन प्रोन्नति प्रदान की जाये, उत्तराखंड पेयजल निगम एवं जल संस्थान का एकीकरण किया जाए। इस दौरान शाखा अध्यक दीप चंद्र चौधरी, मनमोहन बिष्ट, गोविन्द सिट, तुला राम टम्टा, राजेन्द्र गिरी रहे।



नैनीताल की वादियों में मोबाइल से फोटो लेते सैलानी। ● अमृत विचार

## सरोवर नगरी में सैलानियों के उमड़ने से रौनक

| 61 | ऋण खाता नं. UP/HDW/RDRP/AOOOOOO162 श्री संजीव लाल (उधारकर्ता) श्रीमती दुलारो देवी (सह–उधारकर्ता) | 26-03-2024 & ₹ 6,49,563 <br> ₹ 6,49,563 10-03-2024 तक | संपत्ति खेत नं. 281 / 5 वार्ड नं. 3 सरस्वती नगर बाईपास रुद्रपुर किच्छा जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड 263148, सरस्वती नगर, सिटी प्लेस बार, किच्छा, उत्तराखंड, 263148 सीमांकितः उत्तर – 7 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण – सतपाल का खेत, पूर्व – गंथी देवी का मकान, पश्चिम – नाला | 26-07-2024 | ₹ 13,34,700 <br> ₹ 1,33,470 <br> ₹ 10,000/- |
| 62 | ऋण खाता नं. UP/HDW/RDRP/AOOOOOO419 श्री राजू राम (उधारकर्ता) श्रीमती विमलेश देवी (सह–उधारकर्ता) | 26-03-2024 & ₹ 7,79,010 <br> ₹ 7,79,010 10-03-2024 तक | खाता नं. 45, खसरा नं. 48 / 1 / 2 मिन, ग्राम – लखनपुर, बेरियां रोड, बाजपुर, पुलिस स्टेशन – बाजपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 262401, ग्राम – लखनपुर, बेरियां रोड, बाजपुर, पुलिस स्टेशन – बाजपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड, रेलवे क्रॉसिंग लखनपुर, बाजपुर, उत्तराखंड, 262401 क्षेत्रफल 166.66 वर्ग गज, सीमांकितः उत्तर – वर्षा चौहान का मकान, दक्षिण – मग्गर सिंह का मकान, पूर्व – फूल सिंह का मकान, पश्चिम – 25 फीट रोड | 27-07-2024 | ₹ 7,94,340 <br> ₹ 79,434 <br> ₹ 10,000/- |
| 63 | ऋण खाता नं. UP/HDW/HDWN/000000008 श्री नवीन चंद्रा (उधारकर्ता) श्रीमती सकाही आर्य (सह–उधारकर्ता) | 28-03-2024 & ₹ 9,55,467 <br> ₹ 9,55,467 10-03-2024 तक | 1, खेत नं. 264 मिन, चौमहाला, बाईपास रोड, बहेरी, बरेली, उत्तर प्रदेश 243201, चौमहाला, बाईपास रोड, बहेरी, बरेली, उत्तर प्रदेश, एसडीआरजी कॉलेज, क्षेत्रफल 104.78 वर्ग मी. सीमांकितः उत्तर – विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण – विक्रेता का प्लॉट, पूर्व – विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम – 15 फीट रास्ता | 29-07-2024 | ₹ 31,15,260 <br> ₹ 3,11,526 <br> ₹ 10,000/- |
| 64 | ऋण खाता नं. UP/HDW/RDRP/AOOOOOO79 R UP/HDW/RDRP/A000OOO152 श्री दिनेश कुमार गोयल (उधारकर्ता) श्रीमती रीना गुप्ता (सह–उधारकर्ता) | 28-03-2024 & ₹ 13,07,419 <br> ₹ 13,07,419 10-03-2024 तक | 69 / 102, वार्ड नं. 6, मुख्य बाजार मस्वासी, तहसील – स्वार, जिला – रामपुर, उत्तर प्रदेश – 244924, मस्वासी, शिव मंदिर के पास, रामपुर, उत्तर प्रदेश, 244924 क्षेत्रफल 139.45 वर्ग मी. सीमांकितः उत्तर – विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण – विक्रेता का प्लॉट, पूर्व – विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम – 15 फीट रास्ता उत्तर – भगवती का मकान, पश्चिम – 14 फीट चौड़ी सड़क | 30-07-2024 | ₹ 41,33,970 <br> ₹ 4,13,397 <br> ₹ 10,000/- |

*Continued to next page...*

## ब्रीफ न्यूज

### गोपाल को दी बैटरी चलित ट्राई साइकिल


गोपाल साहनी को ट्राई साइकिल देते सीडीओ।

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने विकास भवन में भगवानपुर रुद्रपुर निवासी गोपाल साहनी को बैटरी चलित ट्राई साइकिल दी। उन्होंने बताया कि 23 मार्च को सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मेडिकल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में गोपाल साहनी ने ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। जिस पर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को शीघ्र ट्राई साइकिल देने के निर्देश दिए थे। यहां जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध आदि मौजूद थे।

### नाले में औंधे मुंह मिला युवक का शव

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक व्यक्ति का शव नाले में औंधे मुंह पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उसकी शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं। मृतक की उम्र करीब 32 वर्ष बताई जा रही है। स्थानीय निवासी नमिता सरकार के अनुसार, सुबह करीब साढ़े सात बजे वह व्यक्ति उनके घर का दरवाजा खटखटाकर रोटी मांग रहा था। इसके बाद वह पास ही नाले की स्लैब पर बैठ गया। करीब आठ बजे उनकी बेटी ड्यूटी पर जा रही थी, तभी उसने उक्त व्यक्ति को नाले में पड़ा देखा। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मृतक अक्सर नशे की हालत में आसपास घूमता रहता था।

### हाथियों ने टांडा जंगल में राप्रावि की खिड़की तोड़ी

**रुद्रपुर :** विगत रात्रि पंतनगर और टांडा जंगल में हाथियों का आवाजाही नगर आयी। इस दौरान हाथियों ने पंतनगर मार्ग में हल्दी के पास गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है, जबकि डांडा जंगल में राजकीय प्राथमिक विद्यालय टांडा में एक स्कूल में तोड़फोड़ की है। हाथियों ने स्कूल की खिड़कियों में तोड़फोड़ की है। जिससे लोगों में भय व्याप्त है।

# त्रिशूल चौक पर सड़क चौड़ीकरण को हुई पैमाइश, लाल निशान लगाए

## लोनिवि और नगर निगम देगा अतिक्रमणकारियों को नोटिस, कब्जा करने वालों में खलबली

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रोडवेज स्टेशन के पास अतिक्रमण की कार्रवाई के बाद अब नगर निगम के साथ प्रशासन ने त्रिशूल चौक के पास सड़क चौड़ीकरण का निर्णय लिया है। इसको लेकर टीम ने कोतवाली से लेकर मस्जिद तक दुकानों की पैमाइश की और लाल निशान लगाए। एक-दो दिन में नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की ओर से दुकानदारों को नोटिस थमा दिया जाएगा। टीम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली मच गयी है।

बुधवार को अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे, तहसीलदार दिनेश कुटौला समेत जिला विकास प्राधिकरण, राजस्व विभाग, यूपीसीएल, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी त्रिशूल चौक पहुंचे। इस दौरान टीम ने कोतवाली से मस्जिद तक डिवाइडर से दोनों ओर 100-100 फीट की जगह को मानक मानकर चिन्हीकरण की कार्रवाई शुरू की और लाल निशान लगाए। टीम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में खलबली मच गयी।


त्रिशूल चौक के पास पैमाइश के दौरान निर्देश देते अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय।

अपर जिलाधिकारी ने कार्रवाई के दौरान बताया कि शहर के मुख्य मार्गों को यातायात के लिए शुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन दिन के भीतर सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। यह नोटिस लोक निर्माण विभाग और नगर निगम की ओर से संयुक्त रूप से दिए जाएंगे। नोटिस मिलने के 15 दिन का समय दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी दुकानदार के पास फ्री होल्ड दस्तावेज हैं या ऐसा कोई वैध दस्तावेज है जिस पर उन्हें रिलीव मिल सके। सुनवाई करते हुए उस के बाद मुआवजे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### अतिक्रमण की जद में आया नगर निगम की 23 दुकानों का कुछ हिस्सा

**रुद्रपुर :** नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पांडे ने बताया कि त्रिशूल चौक के पास नगर निगम की करीब 23 दुकानों का कुछ हिस्सा भी अतिक्रमण की जद में आ रहा है। इसके अलावा अन्य लोगों की भी दुकानें हैं। पूर्व में नगर पालिका की ओर से आवंटित दुकानों के आगे दुकानदारों ने अवैध रूप से टीन शैड डालकर अतिक्रमण कर लिया है। उन्होंने कहा कि डिवाइडर के 100 फीट के दायरे में आने वाले हर अवैध निर्माण को सख्ती से हटाया जाएगा।

## किशोरी बरामद, दुष्कर्म के दो अभियुक्त गिरफ्तार

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके से 13 साल की किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने और दुष्कर्म करने के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है। बताया कि एक अभियुक्त ने किशोरी को भागने में दोस्त की मदद की थी।

थाना प्रभारी ट्रांजिट कैंप मोहन चंद्र पांडेय ने बताया कि 10 मार्च को एक व्यक्ति ने 13 साल की बेटी के लापता होने का मामला दर्ज कराया था। जांच में पता चला कि किशोरी को बहला फुसलाकर शिवनगर निवासी अमित कुमार शर्मा ले गया है और नरेश शर्मा उर्फ सन्नी निवासी कृष्णा कॉलोनी ने मदद की है। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों अभियुक्त किशोरी को लेकर यूपी ले गए हैं। जिसके बाद 24 मार्च की शाम को सूचना मिली कि अभियुक्त किशोरी को लेकर रुद्रपुर आये हैं और किच्छा बाईपास मार्ग पर देखे गए हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया और किशोरी को बरामद कर मेडिकल कराया। जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि भी हुई है। जांच अधिकारी दरोगा अकरम अहमद ने पॉक्सो के तहत अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

# शिवनगर में अवैध निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश


रुद्रपुर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते शिव नगर के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शिवनगर में अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विरोध में स्थानीय लोगों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। साथ ही अवैध निर्माण पर रोक लगाने के लिए तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया।

बुधवार को पूर्व पार्षद मोहन कुमार के नेतृत्व में शिवनगर के कई लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान पूर्व पार्षद ने बताया की कुछ लोग क्षेत्र में अवैध रूप से शिव मंदिर का निर्माण करा रहे हैं। इस निर्माण पर रोक लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर इस निर्माण पर रोक नहीं लगायी तो आने वाले दिनों में लोग मंदिर और घर का निर्माण कर सकते हैं। इससे क्षेत्र का माहौल बिगड़ने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द अवैध निर्माण पर रोक नहीं लगी तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राकेश अधिकारी, ठाकुर भगवान सिंह, सोनू कुमार, गंदेश सागर, सूरज दास, केशव सागर, नन्हे लाल, सुशील सक्सेना, शुभम सागर, विशाल सिंह, विरमा देवी, कृष्णा देवी, सुनीता सोनकर, शीला देवी मौजूद रहे।

# गोदाम स्वामी को अग्रवाल सभा का समर्थन

- एनसीईआरटी की नकली पुस्तकों का मामला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नकली एनसीईआरटी पुस्तकों के प्रकरण में अग्रवाल महासभा ने एसएसपी से मुलाकात कर गोदाम स्वामी को झूठा फंसाने का आरोप लगाया और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि गोदाम संचालक को जबरन फंसाया गया तो महासभा आंदोलन करेगी।

भाजपा जिला मंत्री एवं अधिवक्ता प्रमोद मित्तल तथा अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल पुलिस कार्यालय पहुंचा। उन्होंने एसएसपी अजय गणपति कुंभार को ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने बताया कि 15 मार्च को कोतवाली पुलिस ने कीरतपुर कोलड़ा स्थित एक गोदाम से एनसीईआरटी की कथित नकली पुस्तकों का जखीरा बरामद किया था। इस मामले में एनसीईआरटी, नई दिल्ली के सहायक उत्पादन अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने किताब माफिया के साथ ही गोदाम संचालक राजेश जैन के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया। महासभा के पदाधिकारियों का कहना है कि गोदाम स्वामी की इसमें कोई भूमिका नहीं है और उनके पास किरायानामा जैसे वैध दस्तावेज भी मौजूद हैं। इसके बावजूद भ्रामक जानकारी के आधार पर उन्हें अभियुक्त बना दिया गया है। यहां महामंत्री अमित जैन, जय भगवान जैन, ताराचंद अग्रवाल, खाटू श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष कैलाश चंद अग्रवाल, विनीत जैन, नितेश गुप्ता, अधिवक्ता मनीष मित्तल, कुशल अग्रवाल, रवि अग्रवाल, शरद अग्रवाल रहे।


एसएसपी को ज्ञापन सौंपते अग्रवाल महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## सिडकुल की झाड़ियों में मिला युवक का शव

**रुद्रपुर:** थाना पंतनगर इलाके के सिडकुल स्थित झाड़ियों में एक शव मिलने से सनसनी फैल गई।

डायल 112 पर सिडकुल चौकी प्रभारी सुरेंद्र बिष्ट को सूचना मिली कि सिडकुल स्थित पावर हाऊस के समीप स्थित झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौका मुआयना किया। टीम ने बताया कि युवक की उम्र 32 वर्ष के करीब है और पास ही मोबाइल भी पड़ा है। शरीर पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान भी नहीं थे। बावजूद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक पड़ताल में पता चला है कि युवक दो दिन पहले इलाके में दिखाई दिया था, लेकिन अचानक लापता हो गया। पुलिस ने संदिग्ध की शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# टीबी उन्मूलन में यूएस नगर दूसरे स्थान पर

- राज्यपाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अग्रवाल को किया सम्मानित

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करते हुए जनपद ने राज्य स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कर महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। इस उपलब्धि पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने लोक भवन देहरादून में स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड की ओर से आयोजित विश्व टीबी दिवस के अवसर पर 100 दिन सघन टीबी उन्मूलन अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.केके अग्रवाल को सम्मानित किया गया।

बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अग्रवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने समन्वित प्रयास करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। जनपद में टीबी रोगियों के लिए विशेष निगरानी तंत्र विकसित किया गया है। उपचार के प्रत्येक चरण पर सतत फॉलोअप किया जा रहा है। जिससे रोग मुक्ती दर में निरंतर सुधार दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, आशा कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं और जनसामान्य के सहयोग और समर्पण का परिणाम है। जनसहभागिता के बिना इस प्रकार की सफलता संभव नहीं है। जनपद प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने भविष्य में भी टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने का संकल्प दोहराया। ताकि टीबी मुक्त जनपद को बनाया जा सके।


सीएमओ डॉ. अग्रवाल को सम्मानित करते राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह।


Contiuned from previous page....

HINDUJA HOUSING FINANCE

**हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड** — **ई-नीलामी बिक्री सूचना**

कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ई-मेलः auction@hindujahousingfinance.com
अश्वनी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हल्द्वानी. 263139

आरएलएम–ब्रजेश अवस्थी–9918301885, आरआरएम– हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम– श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम– अनिल कुमार, 9927028507

**ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट-IV A) (नियम 8(6))**

**संपत्ति के निरीक्षण की तिथिः 01-05-2026 को 11:00 बजे से 14:00 बजे तक**
**ईएमडी की अंतिम तिथिः 02-05-2026 शाम 05:00 बजे तक**
**ई-नीलामी की तिथि/समयः 04-05.2026 को 1100 बजे से 1300 बजे तक**

| क्र. सं. | ऋण खाता नं. और कर्जदार(रों)/ सह–कर्जदार(रों)/ गारंटर(रो) का नाम/ | धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस की तिथि और राशि / कुल बकाया | अचल सम्पत्तियां /प्रतिभूति आस्तियों का विवरण | कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य (आरपी) / जमा धरोहर राशि (ईएमडी) आरपी का 10 प्रतिशत / बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 65 | ऋण खाता सं UP/HDW/KSHP/AOOOOO117 & CO/CPC/CPCO/A000000115 श्री मोहम्मद फरहान (उधारकर्ता) श्रीमती फरजाना बेदम (सह–उधारकर्ता) | 28-03-2024 & ₹ 10,37,940 / ₹ 10,37,940 10-03-2024 तक | खसरा नं. 99 मिन, मौजा लक्ष्मीपुर पट्टी, मिलन मैरिज हॉल के पास, काशीपुर, पुलिस स्टेशन – काशीपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 244713, क्षेत्रफल – 111.48 वर्ग मी. सीमांकितः पूर्वः नावेद की संपत्ति, पश्चिमः खलील की संपत्ति उत्तरः 14 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिणः अफरोज जहान की संपत्ति | 30-07-2024 | ₹ 44,60,400 / ₹ 4,46,040 / ₹ 10,000/- |
| 66 | ऋण खाता सं UP/HDW/HDWN/AOOOOO394 रवींद्र सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती किरनजीत कौर (सह–उधारकर्ता) | 06-05-2024 & ₹ 16,80,826 / ₹ 16,80,826 06-04-2024 तक | 1, गाटा नं. 17 और 18, मकान नं. एक्स – 12, क्षेत्र 700 वर्ग फीट यानी 65.03 वर्ग मीटर कवर क्षेत्र 60.39 वर्ग मीटर, शारदा एन्क्लेव, डिबडिबा, बिलासपुर, रामपुर, उत्तर प्रदेश 244921, शारदा एन्क्लेव, डिबडिबा, बिलासपुर, रामपुर, उत्तर प्रदेश सीमांकितःउत्तर – खाली प्लॉट, दक्षिण – 28 फीट रोड, पूर्व – प्लॉट नं. एक्स – 11, पश्चिम – प्लॉट नं. I–2 पर हरपाल सिंह का मकान | 20-09-2024 | ₹ 25,92,000 / ₹ 2,59,200 / ₹ 10,000/- |
| 67 | ऋण खाता सं UP/HDW/HDWN/AOOOOO379 & CO/CPC/CPOP/AOOOOO563 श्री मोहम्मद नसरुद्दीन (उधारकर्ता) श्रीमती चाँद तारा बेगम (सह–उधारकर्ता) | 31-08-2023 & ₹ 22,90,711 / ₹ 22,90,711 13-09-2023 तक | गाँव –बराखेड़ा, तहसील–गदरपुर, जिला–यू.आई.एस.नगर पी.एस – बाजपुर.पी.एस सं. – एन.ए. खाता सं– 152 खसरा नं–38एस खा मिन, प्लॉट / फ्लैट नं.–एन/ए उप–पंजीयक जिला – बाजपुर, जिला. यू.एस.नगर क्षेत्रफल 35X50–176 वर्ग फीट.–162.64 वर्ग मी. सीमांकित : उत्तर – अली मोहम्मद की संपत्ति –, दक्षिण नाला और रास्ता, पूर्व – नूर मोहम्मद का घर, पश्चिम – अख्तर की संपत्ति | 20-09-2024 | ₹ 49,12,290 / ₹ 4,91,229 / ₹ 10,000/- |
| 68 | ऋण खाता सं UP/HDW/STGJ/A000000085 श्री मोहम्मद आरिफ (उधारकर्ता) श्रीमती नूर जहान (सह–उधारकर्ता) | 25-03-2024 & ₹ 9,22,337 / ₹ 9,22,337 21-03-2024 तक | गाँव भागौरी, तहसील – सितरगन, जिला नगर – सीतारगंज पी.एस पी.एस न. खेत / मकान / खसरा नं. 251 मिन क्षेत्रफल 34 X 50/157.99 वर्ग मीटर। और सीमा दीवार 99.25 मीटर तक प्लॉट / फ्लैट नं.– एन / ए सब– रजिस्ट्री + जिला – सितारगंज, जिला यूएसनगर, सीमांकितः उत्तर – नाहर, दक्षिण – विक्रेता की संपत्ति, पूर्व – रास्त 18 फीट, पश्चिम – गूल | 21-09-2024 | ₹ 18,00,000 / ₹ 1,80,000 / ₹ 10,000/- |
| 69 | ऋण खाता सं UP/HDW/RDRP/A000000457 श्री बाल किशन (उधारकर्ता) श्रीमती आभा देवी (सह–उधारकर्ता) | 13-08-2024 & ₹ 12,50,315 / ₹ 12,50,315 17-07-2024 तक | 1, खसरा नं. 19 मिन, प्लॉट नं. डी – 67, कस्तूरी वाटिका फेज – 1, जनपथ रोड, रुद्रपुर, पुलिस स्टेशन – रुद्रपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 263153, क्षेत्रफल 770 वर्ग फुट सीमांकितःउत्तर – प्लॉट नं. डी – 68, दक्षिण – प्लॉट नं. डी – 66, पूर्व – 9 मीटर रोड, पश्चिम – प्लॉट नं. डी – 62 | 28-10-2024 | ₹ 20,22,300 / ₹ 2,02,230 / ₹ 10,000/- |
| 70 | ऋण खाता सं UP/HDW/HDWN/AOOOOO433 अर्जुन वर्मा (उधारकर्ता) श्रीमती शोभा वर्मा (सह–उधारकर्ता) | 26-03-2024 & ₹ 10,46,490 / ₹ 10,46,490 10-03-2024 तक | खाता नं. 294, खसरा नं. 677 मिन, उदयनगर, कालीनगर, विजयनगर, दिनेशपुर, पुलिस स्टेशन – दिनेशपुर, रुद्रपुर, यू.एस.नगर में स्थित संपत्ति, उत्तराखंड 263153 क्षेत्रफल 138.88 वर्ग गज सीमांकितः उत्तर – नारायण साहा की संपत्ति, दक्षिण – 6 मीटर सड़क, पूर्व – 6 मीटर सड़क, पश्चिम – विक्रेता की भूमि | 21-12-2024 | ₹ 25,92,000 / ₹ 2,59,200 / ₹ 10,000/- |
| 71 | ऋण खाता सं UP/HDW/RDRP/A000000129 & UP/HDW/KSHP/A000000352 श्री देवेन्द्र कुमार (उधारकर्ता) श्रीमती आशा देवी (सह–उधारकर्ता) | 18-09-2024 & ₹ 14,55,119 / ₹ 14,55,119 14-09-2024 तक | 0, खाता संख्या 00127, खसरा नंबर 168 मिन ग्राम – चक्रपुर तहसील – बाजपुर, जिला – उधम सिंह नगर, चक्रपुर तहसील, शनि मंदिर के पास, बाजपुर, उत्तराखंड, 263401 सीमांकितःउत्तर = सड़क आरसीसी, दक्षिण = संतराम का घर, पूर्व चकंतचनत – आलापुर रोड, पश्चिम = अवतार सिंह का आराजी | 18-12-2024 | ₹ 12,81,600 / ₹ 1,28,160 / ₹ 10,000/- |
| 72 | ऋण खाता सं UP/HDW/KTMA/A000000085 श्री अमनदीप सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती गुरमीत कौर (सह–उधारकर्ता) | 18-09-2024 & ₹ 7,40,420 / ₹ 7,40,420 14-09-2024 तक | खाता संख्या 28,एनए,ग्राम बिदौरा,उपतेहसील – नानकमत्ता,यू.एस.नगर,आर के मट्टा स्कूल,सितारगंज,उत्तराखंड,262405 प्लॉट एरिया =2000 वर्ग फीट सीमांकित : उत्तर=गुरदयाल सिंह की संपत्ति (विक्रेता), दक्षिण=गुरदयाल सिंह की संपत्ति (विक्रेता), पूर्व=मोहन सिंह का घर, पश्चिम=12 फीट रोड | 19-12-2024 | ₹ 20,70,000 / ₹ 2,07,000 / ₹ 10,000/- |
| 73 | ऋण खाता सं UP/HDW/KSHP/A000000114 श्री शादाब अली (उधारकर्ता) श्रीमती रुबीना खातून (सह–उधारकर्ता) | 18-09-2024 & ₹ 22,59,421 / ₹ 22,59,421 14-09-2024 तक | 1, खसरा नं. 153 का मिन ग्राम – राजपुर, तहसील – जसपुर, पुलिस स्टेशन – जसपुर, काशीपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड 244717, प्लॉट एरिया 2250 सीमांकित : उत्तर – अन्य संपत्ति, दक्षिण – सड़क, पूर्व – पंचायत भवन, पश्चिम – अहसान का घर | 17-12-2024 | ₹ 44,75,250 / ₹ 4,47,525 / ₹ 10,000/- |
| 74 | ऋण खाता सं UP/UDA/RUDR/A000000191 श्री बियांत सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती हरभजन कौर (सह–उधारकर्ता) | 30-08-2024 & ₹ 12,85,095 / ₹ 12,85,095 28-08-2024 तक | खाता संख्या 87, एनए, गांव सालमट्टी, सालमत्ता, उप तहसील नानकमत्ता, यू एस नगर, गुरुद्वारा सिंह सभा सालमट्टी, सितारगंज, उत्तराखंड, 262405 प्लॉट एरिया – 2000 सीमांकित : उत्तर – 10 फीट रोड, दक्षिण – हरवंश सिंह की जमीन, पूर्व – गुरनाम सिंह का घर, पश्चिम – 10 फीट रोड | 19-12-2024 | ₹ 17,47,800 / ₹ 1,74,780 / ₹ 10,000/- |
| 75 | ऋण खाता नं. UP/UDA/JSHP/A000000015 श्री अर्जुन सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती काजल कुमारी (सह–उधारकर्ता) | 05-10-2024 & ₹ 11,10,694/- / ₹ 11,10,694/- 04-10-2024 तक | संपत्ति खासरा नंबर 127 मिन,एनए,पांडे कॉलोनी, गांव गोपीपुरा, यूएसनगर,हेमपुर डेपो, काशीपुर,उत्तराखंड, 244713 दिशा/सीमा – उत्तर – खुला प्लॉट,दक्षिण – 20 फीट सड़क,पूर्व – विक्रेता का खुला प्लॉट (शबाना) पश्चिम – विक्रेता का खुला प्लॉट (शबाना) | 07-03-2025 | ₹ 1350000 / ₹ 135000 / ₹ 10,000/- |
| 76 | ऋण खाता नं. UP/UDA/RUDR/A000000038 श्री सत्यवान मंडल (उधारकर्ता) श्रीमती शर्मिला मंडल (सह–उधारकर्ता) | 27-12-2024 & ₹ 752992/- / ₹ 752992/- 25-12-2024 तक | संपत्ति प्लॉट नंबर 15, एनए,गांव गढ़ीपट्टी, शिक्षक कॉलोनी चरण 2, नानक मट्टा यूएस नगर,गुरुद्वारा, सीतारगंज,उत्तराखंड के पीछे, 262311 पर स्थित है। दिशा/सीमाएँ – किरपाल सिंह राणा का एन–खेत, दक्षिण – विक्रेता का प्लॉट नंबर 14, पूर्व – सड़क 25 फीट, पश्चिम – विक्रेता का प्लॉट नंबर 19 | 17-05-2025 | ₹ 900000 / ₹ 90000 / ₹ 10,000/- |

**क्र.सं. 1 से 76 हेतु भुगतान का प्रकारः– सभी भुगतान हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में हल्द्वानी में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से किए जाएंगे।**

ऑनलाइन ई–नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें: –

1. संपति को **"जैसा है, जहां है, जो कुछ भी है और बिना किसी दायित्व रहित"** आधार पर बेचा जा रहा है। इस तरह की बिक्री किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना है। 2. संपत्ति / परिसंपत्तियों का विवरण (अर्थात् ई–नीलामी बिक्री नोटिस में निर्दिष्ट सीमा और माप को सुरक्षित लेनदार की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है और सुरक्षित लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत–बयान या चूक हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। वास्तविक मौजूदा और मापन अलग–अलग हो सकते हैं। 3. सुरक्षित लेनदार द्वारा जारी ई–नीलामी बिक्री नोटिस आम जनता को अपनी बोलियां जमा करने के लिएएक निमंत्रण है और इसे सुरक्षित लेनदार की ओर से कोई प्रतिबद्धता या कोई प्रतिनिधित्व नहीं माना जाएगा। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार के साथ शीर्षक विलेखों की प्रतियों का उपयोग करें और बोलियां प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति / परिसंपत्तियों और दावों / देय राशियों के स्वामित्व और वर्तमान स्थिति के बारे में स्वयं की स्वतंत्र पूछताछ / उचित परिश्रम करें जो संपत्ति को प्रभावित करते हैं। 4. नीलामी/बोली केवल वेबसाइट **https://bankeauctions.com** के माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड" या सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि.** द्वारा प्रदान की गई नीलामी के माध्यम से होगी, जो नीलामी की पूर्ण प्रक्रिया को ई–नीलामी मंच द्वारा व्यवस्थित और समन्वयित करेगा। 5. बोलीदाता अपनी पसंद के स्थान से बोली लगाने के लिए ई–नीलामी में भाग ले सकते हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी खुद बोली लगाने वाले को सुनिश्चित करनी होगी। सुरक्षित लेनदार/सेवा प्रदाता को इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्याओं, स्वयं के सिस्टम क्रैश, बिजली की विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा। 6. विवरण, सहायता, प्रक्रिया हेतु तथा ई–नीलामी पर ऑनलाइन बोली लगाने वाले संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्रा. लि., 605ए, पताः सी1 इंडिया प्रा. लि. तीसरी मंजिल, प्लॉट नं. 68 सेक्टर–44, गुड़गांव, हरियाणा–122003, (हेल्प लाइन नं. +91–124–4302000) सहायता ईमेल **support@bankeauctions.com**, (सहायता मोबाइल नं. **7291981124/1125/1126**) श्री मिथलेश कुमार मोबाइलः 7080804466. ईमेलः **Mithalesh.kumar@c1india.com, delhi@c1india.com** से संपर्क कर सकते हैं। ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम **https://bankeauctions.com** पर पहले से पंजीकृत कर लेना चाहिए और यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे सेवा प्रदाता से पासवर्ड प्राप्त करने के तुरंत बाद ही उसे बदल दें। 7. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को "हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड" के पक्ष में Demand Draft/NEFT/RTGS/IMPS के माध्यम से आरक्षित मूल्य (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) का 10 प्रतिशत की वापसी योग्य बयाना जमा (ईएमडी) उक्त वर्णित तिथि तक या उससे पहले जमा करना होगा। 8. इच्छुक बोलीदाताओं को विधिवत भरा हुआ बोली फॉर्म (**https://bankeauctions.com** पर उपलब्ध प्रारूप), प्राधिकृत अधिकारीएचएचएफएल क्षेत्रीय कार्यालय हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, द्वितीय तल, 212B & 212C, प्लॉट नं. TC/G-2/2 और TC/G-5/5 साईबर हाईट्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 को संबोधित सीलबंद लिफाफे में ईएमडी प्रेषण के साथ डिमांड ड्राफ्ट जमा करना होगा। संपत्ति के लिए ऋण खाता नं. (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) में ई–नीलामी बिक्री में भाग लेने के लिए मुहरबंद कवर को बोली के साथ लिखा जाना चाहिए (जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है) 9. ईएमडी के साथ बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि की समाप्ति के बाद, प्राधिकृत अधिकारी उसके द्वारा प्राप्त बोलियों की जांच करेगा और योग्य बोलीदाताओं के विवरण की पुष्टि करेगा (जिन्होंने आरक्षित मूल्य के ऊपर और ऊपर अपनी बोलियां उद्धृत की हैं और निर्दिष्ट ईएमडी का भुगतान सुरक्षित लेनदार) सेवा प्रदाता **सी1 इंडिया प्रा. लि.** को ई–नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित तिथि और समय पर केवल उन बोलीदाताओं को ऑनलाइन इंटर–से बोली/नीलामी कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने के लिए सक्षम बनाता है। 10. योग्य बोलीदाताओं के बीच परस्पर बोली योग्य बोलीदाताओं द्वारा उद्धृत उच्चतम बोली से शुरू होगी। परस्पर बोली की प्रक्रिया के दौरान, प्रत्येक "10" मिनट का असीमित विस्तार होगा, अर्थात ई–नीलामी का अंतिम समय स्वचालित रूप से प्रत्येक बार 10 मिनट तक बढ़ाया जाएगा यदि बोली अंतिम विस्तार से 10 मिनट के भीतर की जाती है। 11. एक बार की गई बोलियों को रद्द या वापस नहीं लिया जाएगा। बोलीदाता को दी गई यूजर आईडी से की गई सभी बोलियां उसके द्वारा अकेले की गई समझी जाएंगी। 12. सफल बोलीदाता बिक्री के उसी दिन बोली राशि (ईएमडी सहित) का 25% और शेष बोली राशि का 75% DD/Pay order/NEFT/RTGS/IMPS द्वारा हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बिक्री की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करेगा। 13. सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा निर्धारित समय के भीतर उपरोक्त निर्धारित राशि के भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। 14 सफल बोलीदाता के अनुरोध पर, प्राधिकृत अधिकारी अपने पूर्ण विवेक से बोली राशि की शेष राशि जमा करने के लिए लिखित रूप में और समय दे सकता है। 15. सफल बोलीदाता टीडीएस (बिक्री से बाहर) के लिए बिक्री मूल्य का 1% का भुगतान करेगा और अधिकृत अधिकारी को टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करेगा और ईएमडी को समायोजित करते हुए बिक्री मूल्य की पूरी राशि (टीडीएस की ओर 1% की कटौती के बाद) जमा करेगा। प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति के 15 कार्य दिवसों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उपयुक्त समझे जाने वालेऐसे अन्य विस्तारित समय के भीतर, जिसके गिरने पर बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। 16. नगरपालिका/पंचायत कर, बिजली देय (यदि कोई हो) और किसी अन्य प्राधिकरण देय राशि (यदि कोई हो) का भुगतान सफल बोलीदाता द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र जारी करने से पहले किया जाना है। संपत्ति से संबंधित सभी वैधानिक देय राशि को ध्यान में रखते हुए बोलियां लगाई जाएंगी। 17. सफल बोलीदाता के पक्ष में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री प्रमाण पत्र केवल संपूर्ण खरीद मूल्य / बोली राशि जमा करने और सभी करों / शुल्कों के भुगतान के संबंध में आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत करने पर जारी किया जाएगा। 18. कानूनी शुल्क, स्टांप ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क और किसी भी प्रकार के अन्य आकस्मिक प्रभार नीलामी खरीदार द्वारा वहन किया जाएगा। 19. प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई–नीलामी बिक्री कार्यवाही को स्थगित/रद्द कर सकता है। यदि निर्धारित ई–नीलामी बिक्री को बिक्री की निर्धारित तिथि से 30 दिन पहले बाद की तारीख में स्थगित कर दिया जाता है, तो इसे सेवा प्रदाता की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। 20. अधिकृत अधिकारी का निर्णय अंतिम, बाध्यकारी और निर्विवाद है। 21. बोली प्रस्तुत करने वाले सभी बोलीदाताओं को ई–नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों को पढ़ और समझ लिया गया माना जाएगा और वे उनके द्वारा बाध्य होंगे। 22. अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, प्राधिकृत अधिकारी **श्री रवि दीक्षित, मो. नं. 9794347032** ईमेलः **ravidixit.suresh@hindujahousingfinance.com & auction@hindujahousingfinance.com** से संपर्क करें। 23. यह प्रकाशन प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के अनुसार उक्त ऋण खाते के ऋणी/बंधक/गारंटरों को उपरोक्त पर नीलामी बिक्री आयोजित करने के बारे में 30 दिनों का नोटिस भी है। –उल्लिखित तिथि/स्थान

स्थान : हल्द्वानी
दिनांकः **25-03-2026**

प्राधिकृत अधिकारी,
हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

विशेष निर्देश/सावधानीः अंतिम मिनट/सेकंड में बोली लगाने वालों को अपने हित में बोली लगाने से बचना चाहिए।ऐसे मामलों में बोलीदाता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली की विफलता, आदि) के लिए न तो हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा।ऐसी आकस्मिक स्थिति से बचने के लिए, बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे सभी आवश्यक व्यवस्था/विकल्प जैसे बैक–अप बिजली की आपूर्ति और जो कुछ भी आवश्यक हो, ताकि वेऐसी स्थिति से बचने में सक्षम हों और नीलामी में सफलतापूर्वक भाग ले सकें।

सिटी ब्रीफ

## 336 लाभार्थियों को दी योजनाओं की जानकारी

**काशीपुर** : काशीपुर ब्लॉक में जन-जन की सरकार-चार साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में सरकार की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया और 336 लाभार्थियों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई ।बीडीओ कमल किशोर पांडे ने बताया कि शिविर में समाज कल्याण, पंचायती राज, ग्राम विकास, राजस्व, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, विद्युत, डेयरी, जिला उद्योग केंद्र, कृषि, श्रम, लोक कल्याण, नगर पालिका महुआखेड़ागंज, वन विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए। इस मौके पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, ब्लॉक प्रमुख चंद्रप्रभा, पूर्व राज्यमंत्री राजेश कुमार, एसडीएम अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चंदोला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जियो टावर से कॉपर वायर चोरी, नेटवर्क बाधित

**जसपुर** : चोरों ने जियो कंपनी के टॉवर से कॉपर वायर चोरी कर ली। जिससे क्षेत्र का नेटवर्क बाधित हो गया। टॉवर के इंजीनियर ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। खेड़ा रोड स्थित लगे जियो के टॉवर में तैनात इंजीनियर योगेश कुमार धोनी ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि अज्ञात चोरों ने टावर में लगे लगभग 20-25 मीटर कॉपर की तार को रात्रि के समय काटकर चोरी कर लिया, जिससे नेटवर्क बाधित हो गया है। पुलिस ने वायर चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जसपुर में पुलिस ने स्मैक तस्कर दबोचा

**जसपुर** : पुलिस द्वारा नशे की विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने 4.40 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को दबोचा है। मंगलवार को सूत मिल चौकी इंचार्ज इंद्र सिंह ढेला ने पुलिस टीम के साथ मो. नई बस्ती में मो.अदनान निवासी चांद मस्जिद जसपुर से 4.40 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी ने बताया कि अभियुक्त अदनान, इरशाद उर्फ पिंटू से स्मैक लाकर युवकों को बेचता है। बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। यहां एसआई इंद्र सिंह ढेला, एसआई विजय सिंह, अरुण कुमार, फुलेरा रहे।

# चैती मेले में मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन की होड़, आज पहुंचेगा डोला

### तड़के 3 बजे चैती मंदिर प्रस्थान करेगा डोला, प्रथम पहर की आरती स्वीकार करेंगी मां

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध चैती मेले के बीती 19 मार्च को हुए शुभारंभ के बाद से मेले को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर है। रोज भारी संख्या में लोग मेले में पहुंच रहे है। मां बाल सुंदरी देवी का डोला सप्तमी और अष्टमी की मध्यरात्रि में चैती मंदिर के लिए रवाना होगा। चैती मंदिर सुबह पहुंचने के बाद तड़के मंदिर भवन पहुंचकर प्रथम पहर की आरती स्वीकार करेंगी।

मां भगवती बाल सुंदरी देवी का डोला चैती मंदिर भवन में ले जाने से पूर्व बुधवार को मोहल्ला कानूनगोयान स्थित नगर मंदिर में भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने देवी प्रतिमा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। चैती मेले के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री के आवास पर बुधवार प्रातः विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत श्रद्धालुओं ने शाम चार बजे मां बाल सुंदरी देवी की प्रतिमा श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखी गई। प्रातः 8 बजे से रात 12 बजे तक देवी मां की मूर्ति के दर्शन कर श्रद्धालुओं ने प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद लिया।


काशीपुर के मंदिर में मां बाल सुंदरी देवी के दर्शन करने के लिए कतार में लगे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## नि:शुल्क शिविर में 360 मरीजों का किया उपचार

**काशीपुर** : मां बाल सुन्दरी देवी के ऐतिहासिक चैती मेले में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी काशीपुर शाखा इकाई के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 360 मरीजों का उपचार किया जा चुका है। चिकित्सा उपचार कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि ज्यादातर जुकाम, बुखार, गैस, शरीर दर्द के मरीज शिविर में उपचार कराकर स्वास्थ्य लाभ उठा रहे हैं। इस दौरान डा. अकील हुसैन, डा चंद्रशेखर, संजीव शर्मा, विजय सारस्वत, डॉ जैड रहमान, प्रदीप शर्मा, मो. आरिफ, कविता शर्मा, सविता वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

पं. दयाशंकर जोशी ने पंडा परिवार के साथ रात करीब 12 बजे से पूजा-अर्चना शुरू की जो कि देर रात करीब तीन बजे तक चली। इस दौरान मां भगवती को बलि स्वरूप जायफल व नारियल की बलि दी गई।

मुख्य पंडा ने बताया कि बुधवार सुबह 11 बजे से रात्रि 12:00 बजे तक भक्त उनके आवास पर माता के दर्शन कर सकेंगे। इसके बाद रात्रि 12 बजे से घट स्थापित करके पूर्ण विधि विधान के साथ हवन पूजन किया जाएगा।

इसके बाद गाजे-बाजे और धूम-धड़ाके और ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए श्रद्धालुओं की भक्ति के बीच पुलिस की कड़ी सुरक्षा में मां बाल सुंदरी देवी का डोला सुबह 3:00 से 3:30 बजे के बीच के नगर मंदिर पंडा आवास से चैती मंदिर के लिए प्रस्थान करेगा। जहां देवी मां बाल सुंदरी तड़के 4 बजे प्रथम पहर की आरती स्वीकार करेंगी जिसके बाद श्रद्धालु अपनी आराध्य व कुलदेवी के दर्शन कर मत्था टेक कर मन्नत मांगेंगे।

## शहर में आज निकलेगा अटरिया माता का डोला

**रुद्रपुर** : अटरिया माता का डोला गुरुवार को 11 बजे रम्पुरा से जगतपुरा अटरिया मंदिर को प्रस्थान करेगा। जो शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ जगतपुरा स्थित मां अटरिया मंदिर पहुंचेगा। इसके साथ ही अटरिया मेले का आरंभ हो जाएगा। मेले का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा करेंगे। बुधवार को अटरिया देवी वेष्णो धर्म सभा की अध्यक्ष व महंत पुष्पा देवी ने बताया कि रम्पुरा से भव्य तरीके से गाजे बाजे के साथ मां का डोला प्राचीन अटरिया मंदिर में लाया जाएगा। रम्पुरा में सबसे पहले मां की पूजा की जाएगी। इसके बाद श्रद्धालु मां के डोले को उठाकर जगतपुरा स्थित प्राचीन अटरिया मंदिर में लाएंगे। वहीं मंदिर के उपाध्यक्ष पंकज गोड़ ने बताया कि अटरिया मां का डोला रम्पुरा से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक, गांधी पार्क, बस स्टैंड, हल्द्वानी मार्ग पर अटरिया मोड़, पुलिस लाइन, शक्ति विहार कॉलोनी से अटरिया माता मंदिर जगतपुरा स्थित पहुंचेगा। चेगा डोले में सुंदर-सुंदर झांकिया भी शामिल होंगी। वहीं जिला प्रशासन की और से डोले व मेले में किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो उसके लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। मेले में पांच दर्जन कैमरे लगाए जाएंगे, जिनसे चप्पे-चप्पे पर निगरानी की जाएगी। वही मंदिर के पदाधिकारियों ने सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में डोले में शामिल होने की अपील की है।

# दिनेशपुर में मां बसंती का पूजन

- मां बसंती पूजा महोत्सव के दूसरे दिन सप्तमी विहिप पूजा का आयोजन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार:** चैत्र नवरात्रि में मां बसंती पूजा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। महिलाओं ने विधि-विधान के साथ नव पत्रिका रूपी मां बसंती देवी का पूजन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

बुधवार प्रातः दुर्गा मंदिर परिसर में महिला संगठन के तत्वावधान में महिलाएं एकत्रित हुईं। पुरोहित बनवाली चक्रवर्ती के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां बसंती (दुर्गा) के नौ स्वरूपों का प्रतीक नव पत्रिका की स्थापना की गई। पारंपरिक रीति अनुसार केले के वृक्ष में नव पत्रिका स्थापित कर उसका पूजन किया गया। पूजन के उपरांत महिलाओं ने नव पत्रिका का पवित्र स्नान कराया और सुंदर वस्त्र एवं आभूषणों से श्रृंगार किया। "जय माता दी" के गगनभेदी जयकारों के बीच नव पत्रिका को मंदिर परिसर में सात बार परिक्रमा कराई गई। परिक्रमा पूर्ण होने के बाद नव पत्रिका को गणेश जी की प्रतिमा के समक्ष विधिवत स्थापित किया गया। तत्पश्चात मां बसंती देवी को महाभोग अर्पित कर आरती की गई।मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। इस मौके पर शिखा ढाली, प्रभा राय, स्वीटी चक्रवर्ती, दीपाली बैरागी, मीना मंडल, राधा विश्वास, हेमा चक्रवर्ती, जमुना मंडल, सविता बैरागी, शोष्ठि ढाली, शिवानी स्वर्णकार, नीतू मंडल, पारुल मंगल, रीटा गाइन, श्रुति राय, सोनिया हालदार, रतना विश्वास, सरस्वती विश्वास, अनिंदिता सरकार, सुधा चक्रवर्ती, बसंती चक्रवर्ती, लक्ष्मी सरकार, चंपा बैरागी, विनीता बैरागी, प्रीति बैरागी, सुजाता राय, ज्योति ढाली, आन्ना सिकदार, अनुराधा मलिलक, डॉ. सुधीर राय, गोविंद मंडल रहे।


दिनेशपुर में सप्तमी विहीप पूजा करती महिलाएं। ● अमृत विचार

## नवरात्रि के सातवें दिन भी मंदिरों में उमड़ी भीड़

**रुद्रपुर** : चैत्र नवरात्र के सातवें दिन भी मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि की पूजा अर्चना की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मंदिरों में सुबह से ही घंटियों की गूंज के साथ मां के भजनों की गूंज सुनाई दी। इससे पूरा शहर मां के भक्ति में नजर आया। बुधवार को शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, शिव शक्ति मंदिर, दूधिया बाबा मंदिर, दुर्गा मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, बृहस्पति देव मंदिर, नवदुर्गा मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर, चामुंडा मंदिर समेत कई मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी शुरू हो गयी थी। श्रद्धालुओं ने लाइन में लगाकर मां के दर्शन किए। दिनभर मंदिरों में मां के भजन होते रहे। यह सिलसिला देर सायं तक जारी रहा।

## जसपुर में सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की हुई पूजा

**जसपुर** : चैत्र नवरात्रि के सातवें दिन मंदिरों में माता के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान के साथ की गई। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न शक्तिपीठों और मंदिरों में श्रद्धालुओं का भारी तांता लगा रहा। असुरों का संहार करने वाली मां कालरात्रि अपने भक्तों को सभी नकारात्मक शक्तियों और भय से मुक्ति प्रदान करती हैं। भक्तों ने आज विशेष रूप से माता को गुड़ और लाल फूलों का भोग अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

# अनियमितता: जसपुर की दो गैस एजेंसियों को नोटिस

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** निरीक्षण के दौरान स्थानीय भारत और इंडेन गैस एजेंसी पर अनियमितता मिलने पर एसडीएम ने दोनों एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही उपभोक्ताओं से ऑनलाइन गैस बुकिंग करने की अपील की है।

बुधवार को डीएम के निर्देशों पर एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार दलीप सिंह, पूर्ति निरीक्षक मुकुल गर्जोला ने भारत और इंडेन गैस एजेंसियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम को एजेंसियों के गोदाम परिसर में ही गैस सिलेंडरों का वितरण एवं रिफिलिंग कार्य चलता मिला। जोकि निर्धारित नियम एवं डीएम के आदेशों के विपरीत था। एसडीएम ने दोनों एजेंसी कर्मियों को फटकार लगाई। साथ ही अफसरों को दोनों गैस एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम ने गैस कर्मियों को गैस सिलेंडरों की आपूर्ति होम डिलीवरी के माध्यम से ही करने की हिदायत दी। तथा गैस वितरण का दैनिक रोस्टर कार्यालय में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कर उपभोक्ताओं के साथ साझा करने को कहा। एसडीएम शाह ने बताया कि निरीक्षण में दोनों एजेंसियों के पास गैस की पर्याप्त उपलब्धता मिली है। कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। चेताया कि नियमों के उल्लंघन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं से बुकिंग ऑनलाइन करने की अपील की।


जसपुर में गैस कर्मी से जानकारी लेते एसडीएम और तहसीलदार। ● अमृत विचार

## घंटों कतार में लगने के बाद भी गैस उपभोक्ता मायूस

**शक्तिफार्म** : जिलाधिकारी द्वारा रसोई गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के आदेश के बावजूद उपभोक्ताओं को कतार में लगना पड़ रहा है बावजूद इसके गैस न मिलने से कई लोग मायूस लौटे। डीएसी नंबर लेकर घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद भी कई लोगों को गैस नहीं मिली और उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा। बुधवार को टैगोर नगर दुर्गा मंदिर परिसर में उपभोक्ता सुबह से ही गैस लेने के लिए लंबी कतार में खड़े दिखाई दिए। डीएसी नंबर के साथ कतार में खड़े लोगों को गैस नहीं मिलने से उपभोक्ताओं में नाराजगी देखी गई। एसडीएम रविंद्र जुवांठा ने गैस एजेंसी प्रबंधकों को निर्देश दिए कि वे जिलाधिकारी के होम डिलीवरी आदेश का कड़ाई से पालन करें। घर-घर गैस डिलीवरी सुनिश्चित करें। पूर्ति निरीक्षक डीएस धामी ने बताया कि प्रशासन ने ग्रामीण गैस एजेंसी को 45 दिन के बजाय 25 दिन में ही उपभोक्ताओं की गैस बुकिंग करने के निर्देश दिए हैं। उपभोक्ता शहरी और ग्रामीण एजेंसियों में 25 दिन के बाद दोबारा बुकिंग करा सकेंगे।

## रसोई गैस सिलेंडर न मिलने पर हंगामा, पुलिस ने कराया शांत

**बाजपुर** : रसोई गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी को लेकर एक उपभोक्ता ने जमकर हंगामा कर दिया। आरोप था कि सिलेंडर मिले बिना ही रिकार्ड में होम डिलीवरी दिखा दी गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह उपभोक्ता को समझाकर स्थिति को शांत कराया। उपभोक्ता ने शिकायत की थी कि उसे गैस सिलेंडर नहीं मिला, जबकि एजेंसी के रिकार्ड में डिलीवरी पूरी दिखा दी गई है। इससे नाराज उपभोक्ता ने एजेंसी पहुंच विरोध जताया। हंगामे की सूचना मिलते ही एसआई देवेंद्र मनराल मय पुलिस के मौके पर पहुंच गए और दोनों पक्षों से बातचीत कर मामला शांत कराया।

## बीमा कंपनी को 11.91 लाख रुपये भुगतान करने के आदेश

**काशीपुर** : प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ब्याल की अदालत ने सड़क हादसे में मृतक के परिजनों को 11.91 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश बीमा कंपनी को दिया है। 19 फरवरी 2024 को ग्राम मोहद्दीनपुर माफी, तहसील ठाकुरद्वारा निवासी श्योनाथ सिंह का पुत्र भूपेंद्र कुमार अपने साथियों ग्राम रतुपुरा निवासी अमित कुमार और शेर सिंह के साथ मोटरसाइकिल से पशुपति फैक्ट्री से शटरिंग का कार्य कर घर लौट रहा था ।जब वे ग्राम बैजनाथपुर मोड़ के पास पहुंचे, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक कार के चालक ने तेज और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ठाकुरद्वारा ले जाया गया, जहां से उन्हें एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां संतोषजनक उपचार न मिलने पर भूपेंद्र कुमार को दूसरे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट कार चालक के खिलाफ कोतवाली ठाकुरद्वारा में दर्ज कराई गई थी। मृतक के माता-पिता ने अपने अधिवक्ता कैलाश चन्द्र प्रजापति के माध्यम से मुआवजे का वाद जिला जज, यूएस नगर की कोर्ट में दायर किया, जिसे बाद में सुनवाई के लिए प्रथम अपर जिला जज की कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिवक्ताओं की बहस और र उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने बीमा कंपनी को मृतक भूपेंद्र कुमार के परिजनों को 11.91 लाख रुपये, 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित भुगतान करने का आदेश दिया।


काशीपुर में सड़कों का शिलान्यास करते महापौर दीपक बाली। ● अमृत विचार

## महापौर दीपक बाली ने किया पांच सड़कों का शिलान्यास

**काशीपुर** : महापौर ने वार्ड संख्या 4 और वार्ड संख्या 27 में पांच सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वार्ड संख्या 4 में बन रही 4 सड़कों की कुल लागत 97 लाख 82 हजार और वार्ड संख्या 27 में बन रही एक सड़क की लागत 15 लाख 98 हजार रुपये है। महापौर दीपक बाली का वार्ड वासियों ने स्वागत किया और आभार जताया। शिलान्यास अवसर पर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, मंडल अध्यक्ष मानवेंद्र मानस, पार्षद सीमा सागर, जीनत बानो, पुष्कर बिष्ट, मयंक मेहता, राशिद फारूकी और पार्षद सरफराज सैफी, हनीफ गुड्डू, राकेश अग्रवाल, चौधरी समरपाल सिंह, ईश्वर गुप्ता, राजीव अरोड़ा बच्चू, शक्ति केंद्र संयोजक श्याम सिंह, सोनू चौहान, प्रशांत पंडित, बूथ अध्यक्ष संदीप सिद्धू रहे।

## युवक पर फायर झोंकने वाले पुलिस पकड़ से बाहर

**काशीपुर** : युवक पर फायर झोंकने वाले अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। आईटीआई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा पांडे में मंगलवार को शाम गांव का ही निवासी शाने अली (18) पुत्र नामे अली हाट बाजार में घर के लिए खरीदारी करने गया था। रात लगभग आठ बजे हाट बाजार में ही बाइक सवार नकाबपोश दो युवकों ने उन पर फायर झोंक दिया। प्रभारी सीओ विभव सैनी ने बताया कि पीड़ित के पिता की ओर से अभी तहरीर नहीं मिली है।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in, फोन (05946) 292040, फैक्स (05946) 298318

पत्रांक : 1372/ वि०वि०ख० ग्रा० (ह०)/ दिनांक : 25/03/2026

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा जी०एस०टी०, ई०पी०एफ०, आयकर में पंजीकृत एवं विद्युत सुरक्षा निदेशालय में 'ए' श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी, प्रतिष्ठित ठेकेदारों / फर्मों से निम्न कार्यों हेतु मुहरबन्द निविदायें निर्धारित निविदा प्रारूप पर निविदा खुलने की तिथि 17.04.2026 को समय 3.00 अपरान्ह तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरकर्ता या उनके मनोनीत अधिकारी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा के प्रथम भाग में धरोहर राशि जो एफ०डी०आर०/सी०डी०आर०/एन०एस०सी० के रूप में होगी एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) के पदनाम प्रतिभूत होगी एवं आयकर एवं जी०एस०टी० पंजीकरण प्रमाणपत्र, विद्युत सुरक्षा निदेशालय का पंजीयन एवं सम्बन्धित प्रमाण पत्र। निविदा के भाग-2 निविदा की वैधता (रू० 10 के स्टाम्प पेपर पर) एवं दरें होंगी। सशर्त एवं बिना धरोहर राशि के निविदा स्वीकार नहीं होगीं। निविदा सम्बन्धी विवरण क्रमानुसार पढ़ा जाय-क्रम सं०, कार्य का विवरण, धरोहर राशि, निविदा सं० एवं निविदा प्रपत्र का शुल्क जी०एस०टी० सहित।

1. जमा मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत तीन पानी डी०आर०डी०ओ० क्षेत्र में जमरानी नहर कार्य हेतु एच०टी०/एल०टी० लाईन की शिफ्टिंग एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु० 27000.00, 83/2025-26, रु० 590.00 (कर सहित)।
2. जमा मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत गौरा पड़ाव से मोतीनगर क्षेत्र में जमरानी नहर कार्य हेतु एच०टी०/एल०टी० लाईन की शिफ्टिंग एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु० 9000.00, 84/2025-26, रु० 295.00 (कर सहित)।
3. जमा मद में विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत आई०टी०बी०पी० के पास जमरानी नहर कार्य हेतु एच०टी०/एल०टी० लाईन की शिफ्टिंग एवं सम्बन्धित सामग्री की आपूर्ति का कार्य, रु० 42000.00, 85/2025-26, रु० 1180.00 (कर सहित)।

निविदा प्रपत्र, इस कार्यालय से कार्य दिवस में दिनांक 16.04.2026 तक निविदा प्रपत्र की कीमत अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के नाम बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक से भुगतान करने पर प्राप्त किये जा सकते हैं। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्राप्त निविदाओं में से किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार रखता है। निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस प्राप्त एवं खोली जायेगी।

Customer Care Toll Free No. 1912
"Pay Electricity Bill Online 24x7 from www.upcl.org"
"विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ"
"राष्ट्रहित में विद्युत बचाएं"

अधिशासी अभियन्ता

**कार्यालय नगर निगम, अल्मोड़ा**

पत्रांक : 2146/8-2(2025-2026) दिनांक 25/03/2026

ई-निविदा सूचना

एतद्द्वारा नगर निगम, अल्मोड़ा के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार निर्माण कार्य की निविदा वेबसाईट https//uktenders.gov.in पर दिनांक 27.03.2026 अपराह्न 01:00 बजे से दिनांक 09.04.2026 को अपराह्न 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनाँक 09.04.2026 को अपराह 03.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी / शर्तें निगम कार्यालय के निर्माण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि G.S.T सहित (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि | निविदा की वैधता (दिवस में) | ठेकेदार की न्यूनतम श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बल्ढौटी नदी के पुर्नजनन हेतु बल्ढौटी रिचार्ज जोन 4 में यांत्रिकी उपचार द्वारा जलसवर्धन का कार्य। | 36.62 | 0.73 | 2500.00+ 18% G.S.T | 6 माह | 120 | ई० एवं उच्चतर |

(सीमा विश्वकर्मा)
नगर आयुक्त,
नगर निगम, अल्मोड़ा

(अजय वर्मा)
महापौर,
नगर निगम, अल्मोड़ा

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)
33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा हल्द्वानी (नैनीताल)
E-mail: erddh@yahoo.co.in, फोन (05946) 292040, फैक्स (05946) 298318

पत्रांक : 1367/ वि०वि०ख०ग्रा०(ह०)/ दिनांक : 25/03/2026

ई निविदा समय विस्तार सूचना

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत इस खण्ड से प्रकाशित ई-निविदा संख्या 81/2025-26, जो कि दिनांक 25.03.2026 को खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणवश निविदा खुलने की तिथि 07.04.2026 की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 06.04.2026 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।
निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

सूचना

सूचित करना है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स संख्या JK-142003005595 में त्रुटिवश मेरा नाम वीरू लाल पुत्र CHHALLIILAL (छल्ली लाल) दर्ज हो गया है। जब कि वास्तविक नाम वीरेन्द्र कुमार (VIRENDRA KUMAR) पुत्र छिल्लू लाल (CHILLU LAL) है जो कि शपथकर्ता के सभी अभिलेखों में दर्ज है। अतः मुझे वास्तविक नाम वीरेंद्र कुमार पुत्र छिल्लू लाल (CHILLU LAL) से जाना जाए। वीरेंद्र कुमार पुत्र स्व.छिल्लू लाल निवासी खड़गोली पो. कमेडा प.वृत्त मंगरोली नंद प्रयाग जिला चमोली( उत्तराखंड)।

सूचना

मैंने अपने पुत्र रविन्द्र सिंह को ग़लत संगत में पड़ने, परिवार विरोधी हरकतों व गलत आचरण के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेदकर दिया है। भविष्य मे रविन्द्र द्वारा किए सभी कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। अमर सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी - गांगी (गौझरिया), खटीमा, उधम सिंह नगर

## ब्रीफ न्यूज

### एनआई एक्ट में महिला व्यापारी को छह माह की सजा

**अल्मोड़ा :** चेक बाउंस के दो मामलों में न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने महिला व्यापारी को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह ने बताया कि परिवादी शहाबुद्दीन निवासी नरसिंहबाड़ी ने कोर्ट में वाद दायर किया था। कहा कि भोटिया मार्केट अल्मोड़ा निवासी इंदु खंपा ने मदद के नाम पर उनसे 1.35 लाख रुपये उधार लिए। लेकिन लंबे समय तक रुपये वापस नहीं लौटाए। महिला ने उन्हें एक चेक थमा दिया जो कि बाउंस हो गया। मामले की सुनवाई करते हुए जज ने महिला को दोषी करार देते हुए छह माह का कारावास और 1.60 लाख जुर्माना से दंडित किया।

### बाराकूना में नवजात का शव मिलने से हड़कंप

**अल्मोड़ा :** धौलादेवी ब्लॉक के बाराकूना गांव में एक नवजात का शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।गांव की कुछ महिलाएं घास लेने के लिए जंगल जा रही थी। इसी दौरान उन्होंने खेती रोड से लगे जंगल में 50 मीटर दूरी पर झाड़ियों में एक बच्चे का शव पड़ा हुआ देखा। इसकी भनक लगते ही मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। माना जा रहा है कि लोक लाज के भय से किसी अविवाहिता ने इस नवजात को जन्म देकर इसे झाड़ी में फेंक दिया होगा। इधर, दन्या थाना प्रभारी कमित जोशी ने बताया कि नवजात का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# शिविर में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी

## सरकार के चार साल पूरे होने पर कार्यक्रम, सीएम धामी का वर्चुअल संबोधन, बोले- पर्यटन का विकास बड़ी उपलब्धि

- स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बाटे गए आर्थिक मदद के चेक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य सरकार के चार साल पूरे होने पर बुधवार को बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनसामान्य को योजनाओं की जानकारी एवं सेवाएं प्रदान की गई। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संबोधन का प्रसारण किया गया।

नगर के ऐतिहासिक मल्ला महल में आयोजित शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर निगम मेयर अजय वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बीते चार वर्षों में उत्तराखंड ने विकास, विश्वास और सुशासन का एक सशक्त मॉडल प्रस्तुत किया है। कहा कि समान नागरिक संहिता, सशक्त भू-कानून एवं नकल विरोधी कानून जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने राज्य की पहचान को नई दिशा दी है। कहा कि वर्तमान सरकार निष्पक्षता तथा पारदर्शिता के साथ विकास के रास्ते पर अग्रसर है। इधर, मुख्यमंत्री सीएम धामी के संबोधन का प्रसारण किया गया। उन्होंने कहा कि राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित हुआ है, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिली है। साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण, स्टार्टअप को बढ़ावा और पर्यटन क्षेत्र में रिकॉर्ड वृद्धि राज्य की उपलब्धियों को दर्शाती है। डीएम अंशुल सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं उपलब्धियों को जनता के सामने प्रस्तुत किया जाता है। कहा कि जिला प्रशासन जनपद के समस्त नागरिकों को बेहतर सेवाएं एवं योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।


अल्मोड़ा में बुधवार को बहुउद्देशीय शिविर में अतिथियों ने लाभार्थियों को चेक बांटे।

### साढ़े बाइस लाख के चेक बांटे

शिविर के दौरान स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक सहयोग के रूप में साढ़े बाइस लाख रुपए के चेक वितरित किए गए। जिला प्रशासन ने बताया कि इस आर्थिक सहयोग से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिए जाने के साथ साथ महिलाओं की आर्थिकी में वृद्धि होगी।

### उपलब्धियों पर आधारित पुस्तक का वितरण

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिकाओं का वितरण भी इस अवसर पर किया गया। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि सूचना विभाग के कार्मिकों ने बड़ी संख्या में लोगों को सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिकाओं का वितरण किया। वहीं, लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।


अल्मोड़ा मल्ला महल में शिविर के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा

प्रदेश सरकार के चार साल पूरे होने पर नगर के मल्ला महल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान लोक कलाकारों और विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने कुमाऊनी-गढ़वाली गीतों में रंगारंग कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति देकर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों को झूमने में मजबूर कर दिया।

### क्रॉस कंट्री में नितेश और लता ने मारी बाजी

जन-जन की सरकार चार साल बेमिसाल के अवसर पर क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौरान दौड़ को मुख्य अतिथि मेयर अजय वर्मा ने हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया। पुरूष वर्ग की दौड़ में नितेश सिंह जीना और महिला वर्ग में लता आर्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यहां जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्या, हरीश कनवाल, पंकज टम्टा, मनीष कनवाल, हरीश गोस्वामी आदि रहे।

### ये लोग रहे मौजूद

जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, पूर्व विस उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के, सीडीओ रामजीशरण शर्मा, एडीएम युक्ता मिश्र, सदस्य पलायन आयोग अनिल साही, गौरव पांडे, गोविंद सिंह पिलख्वाल, बिट्टू कर्नाटक, रमेश बहुगुणा, रवि रौतेला, सिकंदर पवार, मनोज सनवाल, विनीत बिष्ट, एसडीएम संजय कुमार, जगदीश नगरकोटी, नीरज सांगा, नीमा भैसोड़ा, पार्षद अमित साह मोनू, अर्जुन बिष्ट, नवीन बिष्ट समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# उमेश डोभाल की शहादत सत्य और साहस की प्रेरणा


विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान हुआ। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** दो दिवसीय 33वें उमेश डोभाल स्मृति सम्मान समारोह का बुधवार को समापन हो गया। अंतिम दिन जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उमेश डोभाल स्मृति ट्रस्ट द्वारा साहित्य, पर्यावरण, रंगकर्म, पत्रकारिता सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया गया।

वर्ष 2025 का उमेश डोभाल स्मृति सम्मान साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कपिलेश भोज को प्रदान किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए किशन सिंह मलड़ा को राजेंद्र रावत 'राजू' स्मृति जनसरोकार सम्मान दिया गया। जनपक्षीय नाटकों और जनगीतों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने वाले रंगकर्मी यमुना राम को गिरीश तिवारी 'गिर्दा' स्मृति जनकवि सम्मान से नवाजा गया। वक्ताओं ने कहा कि उमेश डोभाल की शहादत पत्रकारिता में सत्य और साहस की मिसाल है। उन्होंने माफिया के खिलाफ निर्भीक आवाज उठाई और इसके लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी संघर्षगाथा आने वाली पीढ़ी के पत्रकारों को सच के साथ खड़े रहने की प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में "विजयपथ न्यूज" के विजय रावत और प्रिंट मीडिया के लिए राजू सजवाण को सम्मानित किया गया। वहीं भुवनेश्वरी जोशी प्रतिभा सम्मान बालिका वर्ग में टिहरी गढ़वाल की मोनिका पंवार और अनिरुद्ध जोशी प्रतिभा सम्मान बालक वर्ग में पौड़ी गढ़वाल के करण राज को प्रदान किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद पंत राजू, प्रो. शेखर पाठक, राजीव लोचन साह, जुहुर आलम, पीसी तिवारी रहे। संचालन लोकेश धस्मान और विजयवर्धन उप्रेती ने किया।

## ऊधमसिंह नगर

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत, पोस्टमार्टम कराया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मझोला में घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर बेसुध पड़े युवक को परिजन अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। आशंका जताई जा रही है कि युवक की करंट लगने से मौत हुई है।ग्राम चौकीदार तेजपाल, मनीष पटेल निवासीगण मझोला ने बुधवार सुबह सत्रहमील चौकी पर आकर सूचना दी कि कि बीती दिवस गोपाल पुत्र चंदन सिंह निवासी मझोला ने बताया कि उसका भाई प्रेम नारायण पुत्र भगवान दास उनके घर से करीब 500 मीटर दूर के पास खेत में लेटा हुआ है। इस सूचना पर वह अपने भाई को लेकर मझोला स्थित प्राईवेट क्लीनिक पर पहुंचा लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। उसके शरीर पर जले के निशान है। सूचना पर उपनिरीक्षक ललित बिष्ट, पूरन चन्द्र पाण्डे, दुर्गानाथ, झिगुरी राम के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि मृतक के पैर तथा बाई तरफ चेहरा जला है तथा खाल सिकुडी व निकली हुई है। घटना स्थल पर जानवर से सुरक्षा के लिये करंट की फैन्सिग लगी पाई गई जिसमें करंट चालू है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।


सोर वैली पब्लिक स्कूल, खटीमा में ग्रेजुएशन सेरेमनी में शामिल नन्हे विद्यार्थी।

### सोर वैली पब्लिक स्कूल में यूकेजी ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित

**खटीमा :** सोर वैली पब्लिक स्कूल परिसर में कक्षा यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत ( ग्रेजुएशन ) समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध निदेशक गणेश ठकुराठी, गीता ठकुराठी, रितिका चंद, बसंत सामंत, राजेंद्र सामंत, दौलत सिंह राणा, नरेश गुप्ता एवं आशा भंडारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रधानाचार्य ममता धौनी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभिभावक संघ अध्यक्ष श्रीमती मनीषा बिष्ट, सरस्वती भट्ट, पूनम बिष्ट, मीना रजवार, पुष्पा बोरा, हिना भट्ट, आशा बिष्ट, गीता कोहली, जागृति गुप्ता, नीरज गंगवार, राधिका जोशी, सोनाली राना, दीपा भारद्वाज, गायत्री बसेड़ा रहे।

# महिला का ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप की रहने वाली एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर सौंप पति सहित ससुराल वालों ने अमानवीय व्यवहार और यातनाएं देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जगतपुरा थाना ट्रांजिट कैंप की रहने वाली उमा मंडल ने बताया कि उसकी शादी वार्ड के ही रहने वाले बादल मंडल से हुई थी। शादी के कुछ माह बाद ही पति बादल मंडल, सास, ससुर कम दहेज का ताना मारने लगे। सोने-चांदी के आभूषण के साथ ही बाइक नहीं दी तो ससुराल में रहने का कोई हक नहीं है। ससुराल वाले देर रात्रि को मुंह में कपड़ा ठूंस कर यातनाएं देने लगे और पति उसका सिर दीवार में पटक कर लहूलुहान कर देता।

24 जनवरी 2026 को पति ने जान से मारने की नीयत से पहली मंजिला छत से धक्का देकर नीचे फेंक दिया। जिससे वह घायल भी हुई। खेड़ा स्थित अपनी मौसी को आप बीती बताने ने मौसी ने जान बचाई। कई बार घर बसाने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल वाले दहेज लाने का दबाव बनाते रहे। विवश होकर पीड़िता ने तहरीर सौंपी और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


'ए' प्रमाण पत्र के साथ एनसीसी कैडेट्स और विद्यालय प्रबंधन। ● अमृत विचार

### जीआईसी के 14 कैडेट्स को मिला 'ए' प्रमाण पत्र

**खटीमा** : पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राइका में आयोजित एक समारोह में एनसीसी के 'ए' प्रमाण पत्र कैडेट्स को वितरित किए गए। कार्यक्रम में एयरफोर्स विंग के एनसीसी कैडेट्स को 'ए' प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा कि यह सफलता की पहली सीढ़ी है, जिसे उन्हें और सुदृढ़ बनाते हुए एक आदर्श नागरिक के रूप में आगे बढ़ना है। संचालन कर रहे एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने बताया कि इस वर्ष 14 एनसीसी कैडेट्स ने 'ए' प्रमाण पत्र 'ए' ग्रेड के साथ प्राप्त किया है। 1 यूके एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, पंतनगर के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक रावत ने कैडेट्स को बधाई दी। जागेश तिवारी, केडी जोशी, आलोक सिंह, होशियार सिंह बिष्ट, प्रमोद सिंह राणा, मेवा राम, मनीषा पंत, नरेंद्र दिगारी, चांदनी, ललित जोशी, मनीषा काल्पसी, लिली सिंह, नरेश पांडे, शेखर कोठारी, संजय पंत उपस्थित रहे।

# किसानों को भूमि सुपोषण की जानकारी दी


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ग्राम्य विकास प्रमुख गुरु राज।

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** अक्षय कृषि परिवार के बैनर तले भूमि सुपोषण एवं संरक्षण का कार्यक्रम का राघवनगर जिला ऊधमसिंह नगर में आयोजन हुआ। इसमें 162 किसान और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बुधवार को कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय ग्राम्य विकास प्रमुख गुरु राज ने किसानों को बताया कि मिट्टी हमारी माता है। इसको कीटनाशकों, प्लास्टिक एवं अपशिष्ट से बचाव कर इसका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भूमि अगर सुपोषित है तभी शुद्ध अन्न, चारा उगा पाएंगे। इसलिए मिट्टी व गऊ का संरक्षण करना सभी का कर्तव्य है। क्षेत्र ग्राम्य विकास संयोजक उत्तर प्रदेश देवेंद्र ने किसानों एवं ग्रामीणों को बताया कि सुपोषित भूमि से फसल उत्पादकता बढ़ती है और मानव स्वास्थ्य ठीक रहता है। उन्होंने उन्नत खेती व सुपोषित मृदा को एक-दूसरे का पूरक बताया। कार्यक्रम में जैव प्रौद्योगिकी परिषद् के वैज्ञानिक डॉ.मणींद्र मोहन एवं टीम ने मिट्टी जांच की वैज्ञानिक प्रक्रिया और मिट्टी की गुणवत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला। ईश्वर पाल गुंजन, रामसुरेश, संजय राय, डॉ.राम उजागर, सत्यम, हरिशंकर, हरेंद्र समेत बायोटेक के शोधार्थी अमन प्रताप और शांभवी मौजूद रहे।


भजन-कीर्तन में सम्मिलित कैबिनेट मंत्री। ● अमृत विचार

### माता के भजनों पर मंत्रमुग्ध हुए कैबिनेट मंत्री

**शक्तिफार्म :** चैत्र नवरात्रि के सप्तमी पूजन के अवसर पर नगर पंचायत क्षेत्र के शिव मंदिर, वार्ड नंबर 3 में शक्ति कीर्तन मंडली द्वारा भव्य भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा भी सम्मिलित हुए। माता के भजनों की मधुर धुन पर मंत्री खुद को रोक नहीं पाए और श्रद्धालुओं के साथ झूमते नजर आए। भजन-कीर्तन के पश्चात अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सनातन संस्कृति को संजोए रखने के लिए इस प्रकार के धार्मिक आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे आयोजन हमारी परंपरा और संस्कृति की पहचान हैं। यहां नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, गोविंद पोखरिया, विक्रम भंडारी, कार्तिक राय, देवाशीष पोद्दार, राजा हालदार, दिनेश तिवारी, राजू डसीला, निर्मल रावत, मेघा नेगी, हेमा बिष्ट, प्रेमा बिष्ट, प्रेमा रावत, शांति रावत, अंजलि रावत समेत लोग उपस्थित रहे।

# महिला जेवर लेकर प्रेमी संग फरार, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र की एक महिला पर अपनी पहली शादी की जानकारी छिपा एक जूस विक्रेता से विवाह करने और बाद में तीसरे प्रेमी के साथ लाखों के जेवर व बेटे को लेकर फरार होने का आरोप लगा है।

डॉक्टर कॉलोनी, सिविल लाइंस निवासी कावेंद्र ने बताया कि 27 दिसंबर 2015 को उसने राजकुमारी नाम की युवती से बिना दान-दहेज के विवाह किया था। कुछ समय बाद उसे पता चला कि उसकी पत्नी पहले से विवाहित थी, जिसे उसने छिपाया था। साथ ही वह अपने मृत पति रामेश्वर लाल के नाम पर पेंशन भी प्राप्त कर रही थी। कावेंद्र के अनुसार, उसके मकान के सामने वाले कमरे में रानीखेत निवासी पंकज अधिकारी नाम का युवक किराए पर रहता था, महिला और उक्त युवक के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। आरोप है कि 13 अक्टूबर 2025 को जब वह घर लौटा तो पत्नी घर से गायब थी। वह अपने साथ एक लाख रुपये नकद, आभूषण और बेटे को भी ले गई। आरोप है कि पत्नी ने अपने साथी के साथ मिल उसे बंधक बना जबरन संपत्ति के कागजातों पर हस्ताक्षर भी करवा लिए। पीड़ित के अनुसार, पुलिस द्वारा सुनवाई न होने पर उसने अदालत में याचिका दायर की। पुलिस ने केस दर्ज लिया है।

## आत्महत्या के मामले में चार के खिलाफ केस

**बाजपुर।** ग्राम रेंहटा निवासी नारायण सिंह पुत्र प्यारा सिंह ने पुलिस को बताया कि 16 मार्च को उसके भाई नन्हें ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौके पर पहुंचने पर पुलिस को सूचना दी गई। नारायण सिंह के अनुसार बाद में उसकी भतीजी ने बताया कि घटना वाले दिन सुबह करीब 11:30 बजे रामपाल पुत्र रामस्वरूप, शंकर, शिवम पुत्रगण रामपाल व राजेश एवं रामपाल के स्वजन ने घर में घुसकर नन्हें के साथ मारपीट की थी। मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए 15 हजार रुपये मांगे। नारायण सिंह का आरोप है कि निरंतर प्रताड़ना और धमकियों से डरकर उसके भाई ने आत्महत्या की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**कार्यक्रम** ब्लॉक सभागार में आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया

# शिविर में 416 लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** विकासखंड मुख्यालय बाजपुर में बुधवार को 'जन-जन की सरकार, 4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के अंतर्गत एक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने आमजन की समस्याओं का समाधान किया और सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे नागरिकों तक पहुंचाया।

शिविर में कुल 450 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि 416 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभांवित किया गया। इस दौरान 11 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शिविर में कुल 27 विभागों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रमाण पत्र भी जारी किए गए, जिनमें 11 परिवार रजिस्टर की नकल और 25 नए आधार कार्ड/अपडेशन शामिल थे। बाल विकास परियोजना के तहत 7 महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गई। ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत 10 पशुसखियों को मोबाइल फोन प्रदान किए गए। सहकारिता विभाग की ओर से अक्सरा बेगम को मुर्गी पालन के लिए 1,51,375 रुपये का ऋण प्रदान किया गया, जिसमें 45 हजार रुपये का अनुदान शामिल है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था उत्तराखंड के अध्यक्ष बलराज पासी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व राज्य मंत्री राजेश कुमार मौजूद रहे। अध्यक्षता एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा ने की, जबकि संचालन खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि रमेश गर्ग, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सिंह नामधारी, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता गौरव शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नगर टिंकू यादव, ग्रामीण कन्नू जोशी, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस, लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोछड़, मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह विष्ट, एससीएसटी मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेश सिंह मौजूद रहे।



बाजपुर, ब्लॉक सभागार में शिविर में मंचासीन जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

## प्रसिद्ध सर्जन डॉ. पांडेय की पत्नी का निधन

**बाजपुर:** उत्तराखंड आईएमए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रसिद्ध सर्जन डॉ. हरिओम पांडेय की धर्मपत्नी किरण पांडेय का बुधवार शाम निधन हो गया। दर्जा राज्यमंत्री मंजीत सिंह राजू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों उनके आवास पहुंच श्रद्धांजलि दी। पुत्र डॉ. चेतन पांडेय ने बताया कि उनकी माता का अंतिम संस्कार 26 मार्च को सुबह 11:30 बजे मोक्ष धाम, बाजपुर में होगा। उनके निधन पर नेता प्रतिशक्ष यशपाल आर्य, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर ढिल्लो, पूर्व विधायक संजीव आर्य, जिपं. सदस्य पं. जितेंद्र शर्मा ने शोक जताया है।


किरण ( फाइल फोटो )।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुटरी, विकास खण्ड खटीमा (ऊ०सि० नगर)**

पत्रांक : मैमो/पंचायत भवन मरम्मत व सौन्दर्यीकरण/निविदा सूचना/ दिनांक 24/03/2026

**निविदा सूचना/अल्पकालीन निविदा**

ग्राम पंचायत कुटरी विकास खण्ड खटीमा के ग्राम पंचायत में निर्मित पंचायत भवन मरम्मत हेतु स्वीकृत वर्ष 2025-26 के सापेक्ष ठेकेदारों से मुहरबंद निविदाये दिनाँक 31.03.2026 के अपराह 2:00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत कुटरी विकास खण्ड खटीमा में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन निविदादाताओं / कोटेशनदाताओं अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधियों के सम्मुख ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष कार्यालय में अपराह 3:00 बजे खोली जायेगी। निविदाओं का विक्रय दिनाँक 31.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक पंचायत कार्यालय कुटरी में किया जायेगा।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत कुटरी में पंचायत भवन मरम्मत व सौन्दर्यीकरण कार्य। | 8000.00 | 45 दिन | 500.00 | 45 दिन |

01- कार्यादेश के साथ प्रत्येक कार्य हेतु अंकित अनुमानित लागत की 02 प्रतिशत धनराशि धरोहर राशि एन०एस. सी० डाकघर बचत बैंक पासबुक के रूप में जो पदनाम ग्राम प्रधान / ग्रा०पं०वि०अधि० ग्राम पंचायत कुटरी के पदनाम से बंधक ही जमा करनी होगी।
02- निविदा प्रतिशत दरों में ही मान्य होगी।
03- कार्यादेश के साथ निविदा दाताओं का पंजीकरण प्रमाण, जी०एस०टी० प्रमाण पत्र, पेन कार्ड की छाया प्रति एवं धरोहर राशि से संबन्धित प्रपत्र स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
04- निविदा के साथ 100.00 रू० नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प 1.00 रू० के रसीदी टिकट सहित संलग्न होना चाहिए।
05- अधोहस्ताक्षरी को किसी अथवा समस्त निविदाताओं को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।
06- निर्माण कार्य की गुणवत्ता निम्न स्तर की पायी जाती है या त्रुटिपूर्ण माप लेने के कारण ठेकेदार को अधिक भुगतान होने के कारण शासन को धनराशि की क्षति की स्थिति में वसूली शासनादेश संख्या 989/23-999-1196/ लो०नि०वि० के अनुभाग-09 दिनाँक 12.05.1999 के अनुछेद 02 में निहित प्राविधानुसार की जायेगी। कार्य की गुणवत्ता की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की रहेगी।
07- प्राविधिक परीक्षक ( टी०ए०सी० ) / अवर अभियन्ता ( पं० ) द्वारा निरीक्षण के उपरान्त कार्य में यदि कोई कमी या वसूली निकाली जाती है तो उसका उत्तरदायित्व ठेकेदार को वहन करना होगा। आवश्यक पडने पर ( टी०ए०सी० ) / अवर अभियन्ता की जाँच के उपरान्त ही ठेकेदार की जमानत राशि वापिस की जायेगी।
08- कार्य का स्टीमेट एवं अन्य शर्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कुटरी
वि० ख० खटीमा

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कुटरी
वि० ख० खटीमा

# अमृत विचार

गुरुवार, 26 मार्च 2026




यदि विश्वास विवेक का ताप नहीं सह सकता है, तो वह अपने आप ध्वस्त हो जाएगा।
–शहीदे आजम भगत सिंह



## स्वागत योग्य निर्णय

भारत के सामाजिक न्याय ढांचे के केंद्र में धर्म और जाति के अंतर्संबंधों का प्रश्न अत्यंत संवेदनशील है। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का हालिया निर्णय दूरगामी प्रभावों वाला साबित हो सकता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अतिरिक्त किसी अन्य धर्म, जैसे इस्लाम या ईसाई धर्म को अपनाने पर व्यक्ति का अनुसूचित जाति का स्वतः दर्जा समाप्त हो जाता है। यह व्यवस्था मूलतः 1950 के राष्ट्रपति आदेश पर आधारित है, जिसे 1956 में संशोधित कर सिख और 1990 में बौद्ध धर्म को भी शामिल किया गया। यह फैसला इस मामले में एक ओर संवैधानिक स्पष्टता लाता है, तो दूसरी ओर सामाजिक यथार्थ के कई जटिल प्रश्नों को भी उजागर करता है। स्वागत योग्य पहलू यह है कि न्यायालय ने "धर्म-आधारित आरक्षण" की अवधारणा को सीमित करते हुए यह स्पष्ट करती है कि अनुसूचित जाति की पहचान ऐतिहासिक रूप से हिंदू सामाजिक संरचना में निहित अस्पृश्यता से जुड़ी है। इस दृष्टि से यह फैसला उन वर्गों के लिए लाभकारी है, जो मानते हैं कि आरक्षण का आधार सामाजिक-ऐतिहासिक उत्पीड़न होना चाहिए, न कि केवल आर्थिक या सामान्य पिछड़ापन। किंतु इसके सामाजिक और राजनीतिक फलितार्थ किंचित अधिक जटिल हैं।

भारत में धर्म परिवर्तन के बावजूद जातिगत पहचान का पूर्ण लोप कभी नहीं होता, यह एक स्थापित सामाजिक सत्य है। इस्लाम में पसमांदा, अशरफ, अंसारी जैसे वर्ग और ईसाई समाज में भी दलित ईसाइयों की अलग पहचान, यह दर्शाती है कि सामाजिक भेदभाव धर्म बदलने से स्वतः समाप्त नहीं होती। ऐसे में, अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त होने से इन समुदायों के कमजोर वर्गों को कानूनी सुरक्षा, विशेषकर अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 और आरक्षण लाभ से वंचित होना पड़ेगा। यह उनके लिए एक वास्तविक नुकसान है, जहां तक अनुसूचित जनजाति का प्रश्न है, वे इस संदर्भ में अलग स्थिति में हैं। इनकी पहचान धर्म से नहीं, बल्कि जनजातीय-भौगोलिक और सांस्कृतिक विशेषताओं से जुड़ी है। इसलिए धर्म परिवर्तन के बाद भी उनका दर्जा सामान्यतः बना रहता है। यही कारण है कि यह निर्णय अनुसूचित जाति पर तो लागू होता है, पर अनुसूचित जनजाति पर नहीं। यह एक विवेक सम्मत निर्णय है।

इस फैसले से अत्याचार संबंधी मामलों में कमी नहीं आएगी, बल्कि यह संभव है कि पीड़ित वर्गों के पास कानूनी संरक्षण के सीमित विकल्प रह जाएं, जिससे न्याय तक पहुंच और कठिन हो। "घर वापसी" या पुनर्परिवर्तन के मामलों में न्यायालय ने यह स्पष्ट किया है कि व्यक्ति को यह प्रमाणित करना होगा कि उसका पुनः धर्मांतरण वास्तविक और स्वैच्छिक है, न कि केवल आरक्षण लाभ पाने के उद्देश्य से। इसके लिए सामाजिक स्वीकृति, समुदाय में पुनः समावेश और व्यावहारिक परिवर्तन जैसे मानदंड देखे जाएंगे, जो सर्वथा उचित है। यह निर्णय भारत के सामाजिक न्याय विमर्श को एक नए मोड़ पर ले जाता है। अब आवश्यकता इस बात की है कि सरकार और समाज मिलकर उन कमजोर वर्गों के लिए वैकल्पिक सुरक्षा तंत्र विकसित करें, जो धर्म परिवर्तन के बाद भी भेदभाव का सामना करते हैं। न्याय केवल विधिक परिभाषाओं से नहीं, बल्कि सामाजिक वास्तविकताओं के संतुलन से सुनिश्चित होता है।

### प्रसंगवश

## युद्ध, मौसम और बाजार के बीच फंसता आम आदमी

मार्च 2026 की यह वसंत ऋतु किसी नवजीवन की नहीं, बल्कि एक ऐसे मौन तूफान की कहानी कह रही है, जिसने भारत के आम घर की रसोई से लेकर खेत की मेड़ तक हर सांस को भारी कर दिया है। एक ओर पश्चिम एशिया में युद्ध की आग भड़क रही है, तो दूसरी ओर धरती पर तपता सूरज और बेमौसम बरसते ओले किसान की उम्मीदों को कुचल रहे हैं। इन सबके बीच एमएसपी को लेकर सुलगता असंतोष उस आग में घी डालने का काम कर रहा है। यह सिर्फ खबरों का विषय नहीं, बल्कि हर उस परिवार की हकीकत है, जिसकी थाली और आजीविका इन संकटों से सीधे जुड़ी है। रसोई का चूल्हा, जो हर घर की धड़कन होता है, आज अनिश्चितता के धुएं में घिरा हुआ है। ईरान के आसपास बढ़े तनाव और हॉर्मुज जैसे महत्वपूर्ण मार्गों पर आई बाधा ने एलपीजी आपूर्ति की रीढ़ हिला दी है। छोटे ढाबे, होटल और ठेले वाले, जो शहरों की जीवंतता का हिस्सा हैं, अब अपने चूल्हे बुझाने को मजबूर हो रहे हैं। महिलाओं की दिनचर्या, जो गैस के इर्द-गिर्द चलती थी, अब इंतजार और चिंता में बदल गई है। यह संकट केवल ईंधन का नहीं, बल्कि जीवन की गति का ठहराव है।



प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

उधर खेतों में खड़ा किसान आसमान की ओर देखता है, लेकिन अब वहां से राहत नहीं, बल्कि अनिश्चितता बरस रही है। मार्च की असामान्य गर्मी ने रबी फसलों को समय से पहले ही झुलसा दिया, जिससे गेहूं के दाने सिकुड़ गए और पैदावार पर गहरा असर पड़ा। जैसे-तैसे बची फसल को अचानक आई बारिश और ओलावृष्टि ने जमीन पर गिरा दिया। यह दोहरी मार किसान की साल भर की मेहनत पर एक क्रूर प्रहार है, जो खेत कुछ दिन पहले सुनहरे दिखते थे, आज वहां बिखरी उम्मीदें नजर आ रही हैं। यह बदलाव केवल मौसम का नहीं, बल्कि उस जलवायु संकट का संकेत है, जो अब हर खेत में अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहा है। इस प्राकृतिक और वैश्विक संकट के बीच एमएसपी को लेकर उठती आवाजें एक और संघर्ष का रूप ले चुकी हैं। किसानों का भरोसा पहले ही कमजोर था, और अब अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौतों की चर्चाओं ने उनकी चिंता को और गहरा कर दिया है। सड़कों पर उतरते किसान केवल अपनी फसल का मूल्य नहीं, बल्कि अपने भविष्य की सुरक्षा मांग रहे हैं। उनके लिए एमएसपी सिर्फ एक आर्थिक नीति नहीं, बल्कि जीवन की गारंटी है। जब 86 प्रतिशत छोटे किसान पहले से कर्ज में डूबे हों, तब यह डर स्वाभाविक है कि सस्ते आयात उनकी मेहनत को बेमानी बना देंगे। यह संघर्ष केवल खेत का नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का भी है।

इन तीनों मोर्चों पर चल रहा यह संकट एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि गहराई से जुड़ा हुआ है। रसोई में महंगा होता गैस सिलेंडर, बाजार में बढ़ती अनाज की कीमतें और खेतों में घटती पैदावार, ये सब मिलकर एक ऐसा दबाव बना रहे हैं, जिससे आम आदमी की जिंदगी हर दिन कठिन होती जा रही है। सरकार की ओर से प्रयास जरूर किए जा रहे हैं, लेकिन उनकी पहुंच और प्रभाव पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अब समय है कि समाधान भी उतना ही व्यापक और साहसिक हो जितना यह संकट गहरा है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, किसानों को मजबूत सुरक्षा कवच, एमएसपी पर स्पष्ट नीति और जलवायु के अनुरूप खेती को बढ़ावा ये केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं। साथ ही, आम आदमी की आवाज को नीतियों के केंद्र में रखना होगा। क्योंकि जब रसोई सुरक्षित होगी और खेत मजबूत, तभी देश स्थिर और समृद्ध बन सकेगा। यह परीक्षा कठिन जरूर है, लेकिन सही दिशा में उठाए गए कदम इसे एक नए अवसर में बदल सकते हैं। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## मानसूनी आपदाओं से निपटना गंभीर चुनौती





अमित शर्मा
हल्द्वानी

हिमालयी राज्य उत्तराखंड विविधताओं से भरा प्रदेश है। प्राकृतिक सुंदरता के साथ यहां मौसमी चुनौतियां भी बेशुमार हैं। यहां जंगलों की आग के साथ कहीं बादल फटने तो सूखे जैसी आपदाओं से जूझना नियति सी बन जाती है। इस साल का शीत सीजन काफी उथल-पुथल भरा रहा है, जो आने वाले ग्रीष्मकालीन मौसम के लिए गंभीर चुनौती के संकेत दे रहा है।

बदलते समय में उत्तराखंड का मौसम कब बदल जाए, यह सटीक कहा नहीं जा सकता, लेकिन अमूमन राज्य में प्रतिकूल मौसम का समय आमतौर पर मानसून के दौरान (जुलाई से सितंबर) और सर्दियों में (दिसंबर से फरवरी) माना जाता है, क्योंकि इस समय में भारी बारिश, बर्फबारी और भूस्खलन की संभावना अधिक होती है। हालांकि अप्रैल में मौसम आमतौर पर सुहावना रहता है, तापमान 15-25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है और बारिश की संभावना कम ही होती है। अप्रैल माह के मौसम की खासियत यह भी रहती है कि मौसम दिन में गर्म और रात में ठंडा रहता है। निचले इलाकों में भले ही मौसम सुहाना रहता हो, लेकिन उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी की संभावना बनी रहती है। यही कारण होता है कि इस बनते-बिगड़ते मौसम के लिहाज से संवेदनशील उत्तराखंड राज्य की चुनौतियां देश के दूसरे राज्यों की तुलना में कहीं अलग और गंभीर होती हैं।

> उत्तराखंड के लिए हिमस्खलन की घटनाएं भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहती हैं। हिमालय की चोटियों पर गर्मी के दौरान बनने वाली झीलें भी अधिक वर्षा के दौरान फटने लगती हैं।

मानसून कम बरसे या अधिक, चुनौतियां तो दोनों तरफ हैं। गर्मी अधिक हुई तो पहाड़ों का तपना जोखिम भरा होता है, तो बादल फटने और भूस्खलन जैसी आपदाओं से निपटने की चुनौतियां का सामना करना मजबूरी ही होती है। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि सरकार अपने स्तर पर दैवीय आपदाओं से निपटने की साल भर पूरी तैयारी रखती है, जिससे आपदाओं का जख्म गहरा होने से बच जाता है, लेकिन यह भी सत्य है कि कुदरत के कहर के आगे किसी का जोर नहीं चलता और जब यह बरपता है, तो सारी तैयारियां धरी की धरी रह जाती हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अप्रैल और मई के महीने में सामान्य से अधिक तापमान का पूर्वानुमान पहले ही जता दिया है, तो बारिश को लेकर भी बताया जा रहा है कि मानसून के शुरुआती चरण में संभवतः सामान्य से अधिक बारिश होगी। देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी और तराई के इलाके ऊधमसिंह नगर जिले में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर हीट वेब यानी लू से जूझने की संभावना रह सकती है। मानसूनी बारिश भी सामान्य से 105 प्रतिशत बरसने का शुरुआती पूर्वानुमान जारी किया गया है। हालांकि यह अनुमान सही रहता है, तो अधिक गर्मी और बारिश, इन दोनों ही परिस्थितियों का प्रभाव पहाड़ों को झेलना पड़ेगा।

गौरतलब है कि इस राज्य में मानसून काल में तीन तरह की चुनौतियों से निपटना प्रमुख होता है। यहां बादल फटना सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक माना जाता है। तेज बारिश के दौरान, जहां बाढ़ जैसे हालात पैदा होते हैं, तो कहीं-कहीं पूरी बस्ती ही बड़े-बड़े बोल्डरों के नीचे समा जाती है। उत्तराखंड के लिए हिमस्खलन की घटनाएं भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं रहती हैं। हिमालय की चोटियों पर गर्मी के दौरान बनने वाली झीलें भी अधिक वर्षा के दौरान फटने लगती हैं। वर्ष 2013 में केदारनाथ की आपदा इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। अब अल नीनो भी सक्रिय होने जा रहा है, जिसका असर संभवतः अगस्त माह में भारतीय क्षेत्र में नजर आएगा।

गढ़वाल मंडल के चमोली, रुद्रप्रयाग आदि जिलों में हाल की आपदाओं ने जान-माल की बड़ी क्षति पहुंचाई है और इस सच्चाई से भी कोई इनकार नहीं कर सकता है कि साल-दर-साल की इन आपदाओं के लिए दैवीय से ज्यादा मानवीय गतिविधियां ज्यादा जिम्मेदार हैं, जो चंद वर्षों में ज्यादा बढ़ी हैं। पर्वतीय इलाकों में अवैध निर्माण जहां भूस्खलन और बाढ़ की संभावनाओं को बढ़ाता है, तो लगातार हो रही जंगलों की कटाई से देवभूमि उत्तराखंड की बेशकीमती वपस्पति का विनाश हो रहा है। पहाड़ों पर अनियोजित विकास से आपदाओं की संभावना बढ़ती है, तो सीमित होते जंगलों से होने वाला जलवायु परिवर्तन मौसम चक्र बदलता है, जैसा कि हर साल और इस साल भी देखने को मिल रहा है।

अब सवाल यही बचता है कि मौसम की इन ढेर सारी चुनौतियों से निपटने के लिए करें तो क्या करें? इसका हर बार यही जवाब होता है कि हमें प्रकृति में मानव हस्तक्षेप को बहुत ही सीमित करना होगा। जल-जंगल को बचाने के लिए उनके अंधाधुंध दोहन के बजाय उनके संवर्द्धन पर ज्यादा ध्यान देना होगा। मौसम जनित आपदाओं से निपटने के लिए समयपूर्व तैयारियों को और ज्यादा पुख्ता करना होगा। विशेषज्ञ भी इस बात से इनकार नहीं करते हैं। कहते हैं कि हमारे लिए आपदाओं को रोकना संभव नहीं है, लेकिन आपदा प्रबंधन को बेहद मजबूत करते हुए उसके प्रभाव को कम तो किया ही जा सकता है। हालांकि राज्य सरकार इसको लेकर काफी गंभीर भी दिख रही है और उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समयपूर्व तैयारियां आपदाओं का प्रभाव कम करने में कारगर भी साबित हुई हैं।

नैनीताल के आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह भी मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा प्रभावित क्षेत्र हिमालय राज्य हैं। आपदाओं को रोकना संभव नहीं, लेकिन राहत के लिए आपदा प्रबंधन का सशक्त होना सबसे जरूरी है। इसके साथ ही मजबूत नेटवर्क और संचारतंत्र होना चाहिए। सेटेलाइट नेटवर्क बेहतर होगा, तो आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जल्द राहत पहुंचाई जाना आसान होगा। राज्य में बादल फटने की घटनाएं सर्वाधिक घातक होने लगी हैं, जिससे निपटना मानसून में सबसे बड़ी चुनौती होगी।

### आमने सामने



पश्चिम बंगाल में धार्मिक गतिविधियों की अनुमति को लेकर दोहरे मानदंड हैं। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। यहां नमाज अदा करने की अनुमति है, लेकिन पूजा करने और पंडाल लगाने के लिए हाई कोर्ट से अनुमति मांगनी पड़ती है। मैंने दक्षिणेश्वर में पूजा की और राज्य के लोगों के कल्याण तथा 'विकसित बंगाल' एवं 'सोनार बांग्ला' के निर्माण के लिए देवी से प्रार्थना की। – **नितिन नबीन**, राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा

निर्वाचन आयोग, भाजपा और केंद्र सरकार संविधान का पालन नहीं कर रहे। मतदान के अधिकार छीनने की कोशिश कर रहे हैं। आज वे मतदान के अधिकार छीन रहे हैं। मैं अपने उम्मीदवारों से नामांकन दाखिल करते समय वकीलों को साथ ले जाने के लिए कहूंगी। असम में कई नामांकन रद्द कर दिए गए हैं। मुझे बीजेपी और निर्वाचन आयोग पर भरोसा नहीं है। – **ममता बनर्जी**, टीएमसी प्रमुख



## मध्य-पूर्व युद्ध में नवीन मार्शल प्लान की प्रासंगिकता



डॉ. कल्याण कुमार गांगुली
वरिष्ठ, वैज्ञानिक

द्वितीय विश्व युद्ध के बाद दुनियाभर में भारी विनाश एक दुःस्वप्न था। युद्ध का केंद्र बिंदु पश्चिमी यूरोप और पूर्वी यूरोप के कुछ हिस्सा था, कुछ ही दिनों बाद सोवियत संघ और जापान भी जुड़ गया। द्वितीय विश्व युद्ध की परिणति जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण और जापान द्वारा पॉट्सडैम समझौते को स्वीकार करने के साथ हुई। छः मिलियन यहूदियों का हाड़ कंपा देने वाला नरसंहार अभी भी जीवित बचे लोगों के लिए दुःस्वप्न है। इस युद्ध के बाद अनेक वर्षों तक कई मोर्चों पर बड़े पैमाने पर आर्थिक मंदी और गिरावट महसूस की गई। इस स्थिति का वर्णन कई बार किया जा चुका है।

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति हैरी ट्रूमैन की मंजूरी के साथ तत्कालीन अमेरिकी विदेश मंत्री जॉर्ज सी. मार्शल की ओर से एक व्यापक सहायता योजना लागू की गई, जिसे बाद में मार्शल प्लान के नाम से में जाना गया। इस मार्शल प्लान के अंतर्गत वर्ष 1947-48 में स्वीकृत राशि 13 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, जो आज के अनुमान के अनुसार 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। हालांकि यह विरोधाभास ही है कि जर्मनी को केक का एक बड़ा हिस्सा मिला, परंतु जापान को मार्शल प्लान के अंतर्गत एक भी कौड़ी नहीं दी गई। कई राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना था कि यह सहायता केवल जीर्ण-शीर्ण राष्ट्रों के पुनर्निर्माण और विकास के लिए नहीं थी, बल्कि यह देखने के लिए भी थी कि प्रभावित यूरोपीय राष्ट्र कहीं सोवियत छत्रछाया में कम्युनिस्ट न बन जाएं।

> युद्ध लगभग एक महीने से चल रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि इस युद्ध की चिंगारी तो दिखाई नहीं देगी, पर युद्ध जारी रहेगा। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह एक और इराक या लीबिया बन रहा है।

मार्शल प्लान 2: आज के मध्य पूर्व युद्ध को अधिक उपयुक्तता से समझने के लिए इन तथ्यों को दोहराया गया। एक तरफ शिया कट्टरपंथ का समर्थन करता है, तो दूसरी तरफ यहूदियों के विनाश के सिद्धांत का पालन करता है। अमेरिकी अपनी सहज प्रवृत्ति के कारण ऐसे राज्य को पनपने नहीं दे सकते, जो उनके तेल के सुचारु प्रवाह के लिए खतरा हों और भला अमेरिका को कौन चुनौती दे सकता है। अमेरिकी सरकार उन्हीं की मदद करती है, जो पिछलग्गू अरब देशों की तरह उनकी हां में हां मिलाएं, जबकि ईरान ऐसा हरगिज नहीं करता। इजराइल अपने अस्तित्व के लिए अमेरिकी लॉबी में शामिल हो गया और निशाना साधने के लिए दोनों देशों को एक साझा लक्ष्य मिल गया। इसके अलावा नेतन्याहू अमेरिकी यहूदियों के प्रिय हैं। अमेरिका में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने इजरायली प्रवासियों से यह वादा करके बहुत सहानुभूति बटोरी थी कि वह इजरायल के यहूदी को सम्मान देंगे।

यद्यपि, दिनांक 28 फरवरी, 2026 का दुर्भाग्यपूर्ण दिन पूरी तरह से आश्चर्यचकित करने वाला नहीं था, परंतु ईरान पर हमले की भयावहता कई लोगों की कल्पना से परे थी। डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू की जोड़ी ने अली खामेनी और उनके परिवार सहित ईरान के इस्लामी गणराज्य की केंद्रीय कमान को नष्ट कर दिया। यह एक लॉक स्टॉक और बैरल हमला था। उन्होंने सुनिश्चित किया कि यह हमला उन्हें जल्द से जल्द लक्ष्य प्राप्त करने में मदद करेगा और वे पृथ्वी पर से सभी बुराइयों से छुटकारा पा लेंगे, अफसोस कि ऐसा नहीं हुआ। युद्ध लगभग एक महीने से चल रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि इस युद्ध की चिंगारी तो दिखाई नहीं देगी, पर युद्ध जारी रहेगा। कई विशेषज्ञों के अनुसार यह एक और इराक या लीबिया बन रहा है।

युद्ध के बाद देश के पुनर्निर्माण और विकास के लिए ईरान को एक और मार्शल प्लान (मार्शल प्लान 2) से समर्थन मिलना चाहिए। इराक-लीबिया सिंड्रोम से बचने के लिए व्यापक चौतरफा सहायता और समर्थन अपरिहार्य है। इजरायली सरकार को नए शासन का भागीदार होना चाहिए। इजराइल को पुनर्निर्माण में भागीदार बनाना हास्यास्पद लग सकता है। पर साझेदारी न केवल दोनों देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि दोनों देशों के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की गारंटी भी देगी। इसका उदाहरण वर्ष 1967 के बाद मिस्र और जॉर्डन के साथ इजरायल के मध्य-पूर्व संघर्ष और उसके बाद हुए युद्धविराम से समझा जा सकता है। हालांकि सब कुछ इतना आसान नहीं है, फिर भी, वर्तमान अशांत स्थिति में भी इन देशों के बीच युद्धविराम है।

युद्ध के बाद की किसी भी कार्रवाई को शून्य कर देना और ईरान को अपनी मनमानी करने देना आधुनिक राज्य की राजनीति का हाराकिरी होगा। यदि मार्शल प्लान 2 के अंतर्गत सर्वांगीण अनुदान, सहायता और सहयोग नहीं दिया गया तो ईरान में एक और कट्टर उग्रवादी समूह उभर आएगा, जो इजरायल जैसे पड़ोसी देशों से और दुश्मनी ठानते हुए अमेरिका का दुश्मन बना रहेगा। इस स्थिति में सामान्य जनता के हितों की अनदेखी होने के साथ उग्रवाद को और बढ़ावा मिलता रहेगा। पुनर्निर्माण सहायता और सर्वांगीण समर्थन का मैग्नम हिस्सा संयुक्त राज्य अमेरिका से आना चाहिए। मार्शल प्लान 2 की सफलता से इजराइल और ईरान दोनों के लिए सांस्कृतिक/सभ्यतागत अहंकार से बचने का एक मार्ग प्रशस्त होगा। सह-अस्तित्व ही राज्यों को शांतिपूर्वक रहने में मदद करता है। हालांकि मार्शल प्लान 2 का आयोजन इतना आसान भी नहीं है, परंतु देश के सर्वांगीण विकास के लिए, इस दिशा में काम करना न्यायसंगत होगा। अमेरिका और यूरोपीय देशों को चाहिए कि वे मार्शल प्लान 2 के प्रभावी रूप से अनुपालन में अधिक से अधिक सहयोग प्रदान करें।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## विस्थापन संकट

इजरायल, लेबनान की सीमा में 30 किलोमीटर अंदर घुस गया है। सिर्फ तीन हफ्तों में दक्षिणी लेबनान से 10 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, जो उसकी आबादी का लगभग 20 फीसदी है। यह दुनिया का सबसे तेज विस्थापन संकट है। सीरिया और सोमालिया में भी इतनी तेजी से इतना बड़ा विस्थापन नहीं हुआ था। इजरायल ने ये सब हिजबुल्लाह के खिलाफ ऑपरेशन के नाम पर किया है, लेकिन हकीकत यह है कि ग्रेटर इजरायल के तहत यह उसकी पुरानी योजना का हिस्सा है। हिजबुल्लाह अब तक इजरायल को लिटानी नदी पार नहीं करने दे रहा था। वह उसे रोके हुए था। इजरायल ने बीते दिनों लिटानी के ऊपर बने सात पुलों को उड़ा दिया। इन पुलों के ध्वस्त होने से दक्षिणी लेबनान, मुख्य हिस्से से कट गया है।



दिलीप खान
ब्लॉगर

मैंने पहले भी कहा था कि इजरायल का ज्यादा ध्यान अभी लेबनान पर है। वह ईरान पर हमले जरूर कर रहा है, लेकिन लेबनान उसके एजेंडे में अहम है, क्योंकि वहां उसे 'जीत' की गुंजाइश नजर आ रही थी। पिछले तीन हफ्तों से वेस्ट बैंक में भी फिलिस्तीनियों के साथ इजरायली सेना और सेटलर (वहां आकर बसे या बसने की तमन्ना पाले हथियारबंद इजरायली-यहूदी) ने अभूतपूर्व हिंसा की है। व्यापक हत्याएं, बलात्कार, छिनैती, लूट जैसी वीभत्स खबरें तमाम सेंसरशिप के बावजूद रिपोर्ट हो रही हैं। पिछले हफ्ते एक फिलिस्तीनी पत्रकार को सुन रहा था, जिसका कहना था कि उसने ऐसी हिंसा अपनी जिंदगी में नहीं देखी। वह पिछले दो-तीन दशकों की बात कर रही थी। नए इलाके कब्जाने के लिए इजरायली सेना ने सेटलर्स को हथियार दिए हैं और वे गांव के गांव लूट रहे हैं। इन्होंने कई बस्तियों को आग लगाकर खाक कर दिया। इजरायल का शुरू से लक्ष्य है कि वह दक्षिणी लेबनान पर कब्जा कर ले। पहले उसके कुछ नेताओं ने यह मंशा जाहिर की कि वह वहां उसी तरह का घेरा बनाए, जैसा वह गाजा में बना रहा है। इसके बाद की क्रोनोलॉजी देखिए। उसने पहले दक्षिणी लेबनान पर आसमानी हमले किए। फिर लोगों से कहा कि घर छोड़कर भागो। फिर कहा कि जब तक हिजबुल्लाह का असर खत्म नहीं होता, तब तक लौटना मत। फिर टैंक लेकर जमीनी हमले शुरू किया। फिर लिटानी नदी के पुल तोड़े। फिर सेना वहां पहुंची और अब इजरायली नेता कह रहे हैं कि इस इलाके को इजरायल में मिला लो। यानी जो पुराना सपना था, वह इस क्रोनोलॉजी में बाद में जाहिर हो रहा है, लेकिन मूल सपना वही था। हिजबुल्लाह उस सपने के बीच में खड़ा था और अभी भी है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कानूनी रूप से गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार

किसी भी समाज में यह प्रबल धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की तब तक सेवा की जाए, जब तक उसके प्राण कुदरती तौर पर न निकल जाएं। खासकर भारतीय समाज में इस मुद्दे को लेकर गहरी संवेदनशीलता रही है, लेकिन जब कोई अपना प्रिय उस स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौट पाना संभव ही न हो, तो बदलते वक्त के साथ कानून के दायरे में उसकी मुक्ति की भी बात होने लगी है।

हाल ही में देश के सुप्रीम कोर्ट का 13 वर्ष से कोमा में रहने वाले एक युवा के लिए निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति देने का निर्णय, जीवन के अंतिम चरण की देखभाल पर भारत में विकसित होते न्यायशास्त्र में नया मोड़ है। किसी असाध्य स्थिति में कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणाली हटाने की अनुमति देने वाला यह फैसला, अदालत द्वारा पहले से निर्धारित प्रक्रिया का पहला व्यावहारिक प्रयोग है। इस मामले में चिकित्सा बोर्डों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य नहीं था। इससे केवल जैविक अस्तित्व को ही लंबा खींच दिया गया। इस बाबत अदालत की स्वीकृति एक कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा, मृत्यु में भी गरिमा तक विस्तारित होनी चाहिए। निस्संदेह, भारत में इच्छामृत्यु पर कानूनी प्रगति धीमी रही है। इस मामले में पहली बार अरुणा शानबाग मामले में ध्यान दिया गया था। वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अनुच्छेद-21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार के अंतर्गत गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार देने के साथ यह मुद्दा अपने चरम पर पहुंचा।



आकाश सपेलकर
अधिवक्ता

दरअसल, इच्छामृत्यु से जुड़ी दुविधा, इससे जुड़े सिद्धांतों के क्रियान्वयन की अनिश्चितता को लेकर बनी रही है, जिसके चलते परिवारों व डॉक्टरों को जटिल प्रकिया व कानूनी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। हालिया फैसले से भी न्यायिक दिशा-निर्देशों मात्र पर निर्भर रहने की सीमाएं उजागर हुई हैं, बल्कि यहां तक कि देश की शीर्ष अदालत ने भी निष्क्रिय इच्छामृत्यु, लिविंग बिल और जीवन को लेकर अंतिम निर्णय को नियंत्रित करने वाले व्यापक कानून की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। ऐसे कानून में नैतिक संवेदनशीलता और प्रक्रियात्मक स्पष्टता के बीच बेहद संतुलन होना चाहिए। यह प्रक्रिया कमजोर रोगियों को दुर्व्यवहार से बचाते हुए, यह भी सुनिश्चित करे कि परिवार और चिकित्सा पेशेवर कानूनी परिणामों के भय के बिना कार्य कर सकें। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल, पारदर्शी चिकित्सा मूल्यांकन और रोगी की स्वायत्तता का सम्मान आवश्यक है। निष्कर्ष यह भी है कि जब उपचार असंभव हो, तो चिकित्सा उपायों से रोगी की पीड़ा को लंबा नहीं खींचा जाना चाहिए। शीर्ष अदालत की कारगर सलाह के मद्देनजर देश के नीति-नियंताओं को एक मानवीय कानूनी ढांचा तैयार करने के बारे में गंभीरता से सोचना चहिए, जो टाली न जा सकने वाली विषम स्थिति में व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने और मरने की अनुमति दे सके। देश में इस बाबत एक संवेदनशील कानून बनाने की सख्त जरूरत महसूस की जा रही है। साथ ही ऐसा कानून बनाते वक्त मानवीय संवेदनशीलता तथा कानूनी सुरक्षा कवच के बीच संतुलन बनाना भी उतना ही जरूरी होगा। वहीं हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा संकीर्ण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए किसी व्यक्ति की दबाव में इच्छामृत्यु के लिए परिस्थितियां पैदा न की जा सकें। दुनिया के तमाम विकसित देशों में इस आशंका के चलते ही इच्छामुत्यु को कानूनी रूप देने से परहेज किया गया है। यह जटिल मामला भी है, जिसके निर्धारण के लिए कानूनी स्पष्टता और मामले की गहन निगरानी भी उतनी ही जरूरी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# नए युवा और बदलती करियर संभावनाएं



आज का समय अवसरों, संभावनाओं और प्रतिस्पर्धा का समय है। बदलती तकनीक, वैश्वीकरण और नई आर्थिक संरचनाओं ने करियर के पारंपरिक ढांचे को पूरी तरह परिवर्तित कर दिया है। एक समय था जब डॉक्टर, इंजीनियर या सरकारी नौकरी को ही सफलता का पर्याय माना जाता था, लेकिन आज डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल मीडिया, डिजाइन, खेल, उद्यमिता और अनेक कौशल आधारित क्षेत्रों में भी उज्ज्वल भविष्य के द्वार खुले हैं। यह विविधता जहां एक ओर युवाओं को नए अवसर प्रदान करती है, वहीं दूसरी ओर उनके सामने सही चुनाव की चुनौती भी खड़ी करती है।



संध्या राजपुरोहित
शिक्षिका

## रोजगार योग्य कौशल

भारत का वर्तमान जनसांख्यिकीय परिदृश्य इस चर्चा को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। देश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है और हर वर्ष लगभग 1.2 करोड़ युवा कार्यबल में प्रवेश करते हैं। यह स्थिति भारत को एक बड़ी संभावित शक्ति प्रदान करती है, जिसे "डेमोग्राफिक डिविडेंड" कहा जाता है। यदि इस युवा शक्ति को उचित दिशा, कौशल और अवसर नहीं मिले, तो यही संभावना एक चुनौती में परिवर्तित हो सकती है। यही वह बिंदु है, जहां कैरियर चयन और कौशल विकास के बीच का संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। विभिन्न रिपोर्ट्स यह संकेत करती हैं कि देश में रोजगार की समस्या से अधिक "रोजगार योग्य कौशल" की कमी एक बड़ी चुनौती है। आज भी लगभग आधे युवा ऐसे हैं, जो उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप पूरी तरह तैयार नहीं हैं। कई अध्ययन बताते हैं कि केवल लगभग 50 प्रतिशत ग्रेजुएट ही वास्तव में जॉब-रेडी माने जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद बड़ी संख्या में युवा रोजगार के लिए आवश्यक व्यावहारिक दक्षताओं से वंचित रह जाते हैं। यह स्थिति शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ती खाई को भी उजागर करती है।



## युवाओं के लिए अवसर और चुनौती

देश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, फिर भी बेरोजगारी के आंकड़ों में बड़ी हिस्सेदारी शिक्षित युवाओं की ही दिखाई देती है। लगभग 65 से 67 प्रतिशत बेरोजगार युवाओं का ग्रेजुएट होना इस तथ्य को स्पष्ट करता है कि केवल डिग्री हासिल करना सफलता की गारंटी नहीं है। इसका एक प्रमुख कारण यह है कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली अभी भी अधिकतर सैद्धांतिक ज्ञान पर आधारित है, जबकि उद्योग और समाज को व्यावहारिक कौशल, नवाचार और समस्या समाधान की क्षमता रखने वाले युवाओं की आवश्यकता है। कौशल अंतर या "स्किल गैप" भी इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पक्ष है। देश में औपचारिक रूप से प्रशिक्षित युवाओं का प्रतिशत अभी भी बहुत कम है, जो लगभग 4 से 5 प्रतिशत के आसपास माना जाता है। वहीं, नई तकनीकी क्षेत्रों जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और डिजिटल तकनीक में कुशल युवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है, लेकिन उस अनुपात में प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध नहीं है। यह अंतर युवाओं के लिए अवसर भी है और चुनौती भी, क्योंकि जो इस दिशा में स्वयं को तैयार करेगा, वही भविष्य में आगे बढ़ेगा।

## रोजगार की गुणवत्ता

रोजगार की गुणवत्ता भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर उभर रही है। बड़ी संख्या में युवा अपनी योग्यता से कम स्तर के कार्य करने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनमें असंतोष और अस्थिरता की भावना बढ़ती है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी प्रभाव डालती है। इन सभी तथ्यों और आंकड़ों के बीच सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि विद्यार्थी अपने कैरियर का चुनाव किस प्रकार करें। इसका उत्तर आत्म पहचान में निहित है। प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी रुचियां, क्षमताएं और सपने होते हैं। जब कोई व्यक्ति अपनी रुचि के अनुरूप क्षेत्र का चयन करता है, तो वह उसमें अधिक समय तक टिकता है, बेहतर प्रदर्शन करता है और अंततः संतुष्टि भी प्राप्त करता है। इसके विपरीत, यदि कैरियर का चुनाव केवल सामाजिक दबाव, तुलना या अधूरी जानकारी के आधार पर किया जाता है, तो वह आगे चलकर असंतोष का कारण बनता है। सही निर्णय के लिए आवश्यक है कि विद्यार्थी अपने भीतर झांकें, अपनी रुचियों और क्षमताओं को समझें और विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में ठोस जानकारी प्राप्त करें।




## रुचि, क्षमता और लक्ष्य

आज सूचना के अनेक स्रोत उपलब्ध हैं, लेकिन सही और प्रामाणिक जानकारी का चयन करना भी उतना ही आवश्यक है। इसके साथ ही शिक्षकों, अभिभावकों और कैरियर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेना निर्णय को अधिक सुदृढ़ बनाता है। इस प्रक्रिया में परिवार और विद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों पर अपने सपनों का बोझ न डालें, बल्कि उनकी रुचियों और क्षमताओं को समझते हुए, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। वहीं शिक्षकों का दायित्व केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि वे विद्यार्थियों के मार्गदर्शक बनकर उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए तैयार करते हैं। एक सकारात्मक और सहयोगात्मक वातावरण बच्चों में आत्मविश्वास विकसित करता है और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। आज का समय निरंतर सीखने का समय है। कैरियर अब एक स्थिर विकल्प नहीं, बल्कि एक गतिशील यात्रा बन चुका है, जिसमें समय-समय पर नए कौशल सीखना, स्वयं को अपडेट करना और बदलती परिस्थितियों के अनुसार ढलना आवश्यक है। यही लचीलापन और सीखने की प्रवृत्ति व्यक्ति को दीर्घकालिक सफलता की ओर ले जाती है। अंतत: यह स्पष्ट है कि कैरियर का सही चुनाव केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि जीवन की दिशा तय करने वाली प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया तभी सफल हो सकती है, जब उसमें आत्मविश्वास, सही जानकारी, कौशल विकास और स्पष्ट लक्ष्य का समन्वय हो। आज के विद्यार्थी यदि इन आधारों को समझकर अपने कैरियर की दिशा तय करते हैं, तो वे न केवल अपने लिए एक सफल भविष्य का निर्माण करेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। याद रखना होगा कि कैरियर का चुनाव भीड़ का अनुसरण नहीं, बल्कि अपनी पहचान को समझते हुए अपनी राह बनाने की प्रक्रिया है। सही कैरियर वही है, जहां रुचि, क्षमता और लक्ष्य एक साथ मिलकर जीवन को सार्थकता प्रदान करते हैं।

## वर्ड स्मिथ

### एक मजाक से हुई थी 'OK' की शुरुआत

'OK' सिर्फ दो अक्षरों का यह छोटा-सा शब्द आज पूरी दुनिया की साझा भाषा बन चुका है। चाहे आप किसी अनजान देश में हों या अलग भाषा बोलने वाले लोगों के बीच, 'OK' हर जगह समझा जाता है। इसकी शुरुआत जितनी साधारण दिखती है, उतनी ही दिलचस्प भी है। दरअसल, साल 1839 में अमेरिका के अखबारों में एक अनोखा ट्रेंड चल रहा था। शब्दों को जानबूझकर गलत लिखना और उन्हें छोटा करके पेश करना। इसी मजाकिया अंदाज में 'all correct' को 'oll korrect' लिखा गया और इसका संक्षिप्त रूप बना 'O.K.'। धीरे-धीरे यह मजाक लोगों की जुबान पर चढ़ गया। फिर आया 1840 का अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव, जिसने 'OK' को नई पहचान दी। उम्मीदवार मार्टिन वैन ब्यूरन के समर्थकों ने "OK Club" बनाकर इसे प्रचार का नारा बना दिया- "We're OK!"। यहीं से यह शब्द आम लोगों के बीच लोकप्रिय हो गया। 'OK' की उत्पत्ति को लेकर कई और सिद्धांत सामने आए। कुछ लोगों ने इसे चॉकटॉ जनजाति के शब्द "okeh" से जोड़ा। यहां तक कि अमेरिका के राष्ट्रपति वुडरो विल्सन भी "OK" की जगह "okeh" लिखते थे। भाषा वैज्ञानिकों ने शोध के आधार पर यह साफ कर दिया कि 'OK' की असली जड़ें 'oll korrect' से ही जुड़ी हैं। समय के साथ 'OK' ने भाषाओं की सीमाएं तोड़ दीं और आज यह सहमति, संतोष और सामान्य प्रतिक्रिया का प्रतीक बन गया है। मजाक से जन्मा यह शब्द अब वैश्विक संवाद का सबसे आसान माध्यम बन चुका है।




## नोटिस बोर्ड

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा

- लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी (नियमित) कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अनुसंधान प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि घोषित कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह परीक्षा 30 और 31 मार्च को आयोजित की जाएगी। दोनों दिन यह परीक्षा सुबह 10:30 बजे से 12:00 बजे तक संचालित की जाएगी। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचें और प्रवेश पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें। परीक्षा से संबंधित अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।



### परीक्षाओं का कार्यक्रम

- महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली ने वर्ष 2026 के लिए बीएससी नर्सिंग, बीपीटी और बीएससी एमएलटी पाठ्यक्रमों की मुख्य एवं पूरक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार ये परीक्षाएं 30 मार्च से शुरू होकर अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षाओं के लिए एक समान समय निर्धारित किया गया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी।




## कॉलेज का पहला दिन

### जब सपना बना हकीकत

मेरे जीवन के अनुभवों में कॉलेज में मेरा पहला दिन शामिल है, जिन्हें मैं हमेशा संजोकर रखना चाहूंगी। यह सिर्फ एक नए कॉलेज में प्रवेश नहीं था, बल्कि अपने सपनों की दिशा में पहला ठोस कदम भी था। पत्रकारिता की पढ़ाई शुरू करना मेरे लिए लंबे समय से एक सपना रहा था और जब वह दिन आया, तो मेरे मन में उत्साह, जिज्ञासा और हल्की-सी घबराहट एक साथ उमड़ रही थी।

सुबह जब मैं कॉलेज परिसर में पहुंची, तो हर चीज मुझे नई और अलग लग रही थी। चारों ओर अनजान चेहरे, नई-नई इमारतें और एक बिल्कुल अलग माहौल मानो मैं एक नई दुनिया में प्रवेश कर रही थी। दिल की धड़कनें थोड़ी तेज थीं, लेकिन भीतर कहीं एक खुशी भी थी कि अब मैं अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रही हूं। पहले दिन की शुरुआत परिचय सत्र से हुई। कक्षा में बैठते ही शिक्षकों ने बड़े सहज और प्रेरणादायक अंदाज में पत्रकारिता के महत्व को समझाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता केवल खबरें लिखने या दिखाने का काम नहीं है, बल्कि यह समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का एक सशक्त माध्यम है। एक सच्चा पत्रकार वही होता है, जो निष्पक्ष होकर सच को सामने लाए, लोगों की आवाज बने और समाज की समस्याओं को उजागर करे। उनकी बातें सुनकर मेरे भीतर इस पेशे के प्रति सम्मान और भी बढ़ गया। क्लास के दौरान मैं ध्यान से हर बात सुन रही थी, लेकिन साथ ही अपने आसपास बैठे छात्रों को देखकर थोड़ी झिझक भी महसूस हो रही थी। सब एक-दूसरे से अनजान थे, फिर भी हर किसी के चेहरे पर कुछ नया सीखने की उत्सुकता साफ दिखाई दे रही थी। पहली क्लास खत्म होने के बाद धीरे-धीरे माहौल थोड़ा सहज होने लगा। मैंने हिम्मत जुटाकर अपने सहपाठियों से बातचीत शुरू की। शुरुआत में थोड़ी झिझक थी, लेकिन जल्द ही वह घुलने लगी। कुछ ही देर में मेरी कुछ नए दोस्तों से अच्छी पहचान हो गई। उनसे बात करके ऐसा लगा जैसे हम पहले से ही एक-दूसरे को जानते हों। इस छोटी-सी पहल ने मेरे आत्मविश्वास को काफी बढ़ा दिया। दिन के अंत तक मेरी सारी घबराहट लगभग खत्म हो चुकी थी और उसकी जगह एक नई ऊर्जा ने ले ली थी। मुझे एहसास हुआ कि यह सफर न केवल सीखने का होगा, बल्कि खुद को समझने और निखारने का भी अवसर देगा। ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज का वह पहला दिन मेरे लिए सिर्फ शुरुआत नहीं, बल्कि एक नई पहचान की नींव था।



भावना
